तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2024

13 शहर में अब शाम के समय ई रिक्शा से फागिंग,...

18 मेगा जॉब फेयर में टूट पड़े बेरोजगार 4 घंटे में...



## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**आवेदन की अंतिम तिथि 25/10/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सैनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**(1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-**

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**

ADVT.


# ठेका बदला, समस्या वही, 'नो पार्किंग' में अवैध वसूली, पर्ची काट रहे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

देश के ग्रेड-ए स्टेशन में शामिल राजधानी के रेलवे स्टेशन में पार्किंग का सिस्टम सुधारना रेलवे प्रशासन के लिए भी अब मुश्किल हो गया है। स्टेशन में पार्किंग का नया ठेका होने के बाद भी यात्रियों की समस्या पुरानी है। वर्तमान में पार्किंग कर्मचारी 'नो पार्किंग' में खड़ी गाड़ियों की पर्ची काटकर लोगों से अवैध वसूली ▶▶|शेष पेज 17 पर

### रेलवे स्टेशन पार्किंग की समस्या दूर नहीं हो रही, यात्री हो रहे परेशान

**केस 1**

आरक्षण भवन के सामने गाड़ी खड़ी करने पर कर्मचारी ने पहले रोका और गाड़ी को पार्किंग स्टैंड में खड़ी करने की बात कही। व्यक्ति उसकी बात से सहमत नहीं हुआ, जिसके बाद उसने नो पार्किंग का पैसा देने को कहा और 10 रुपए वसूल लिए।





**केस 2**

पार्किंग स्टैंड के सामने नो पार्किंग में ऑटो खड़ा था, जिसे देखकर कर्मचारी ने ऑटो चालक से 10 रुपए वसूल लिए। चालक ने बताया कि कर्मचारी ने कहा कि नो पार्किंग में गाड़ी करना मना है। इसके लिए पैसा देना पड़ेगा, तभी खड़ा कर पाएंगे। पर्ची पार्किंग ठेकेदार की थी।

**केस 3**

आरक्षण भवन से प्रवेश करने के दौरान पेड़ के नीचे दोपहर 3 बजे कर्मचारी ने ऑटो चालकों से भी नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने का पैसा वसूल लिया। ऑटो चालक विरोध करते रहे, लेकिन उसने नियम का हवाला देते हुए पर्ची काट दी।

### नो पार्किंग में वसूली पूरी तरह अवैध

नो पार्किंग में यात्रियों को गाड़ी नहीं खड़ी करनी है, लेकिन अगर किसी ने गाड़ी खड़ी कर दिया, तो इसके लिए पार्किंग कर्मचारियों को पैसे देने की जरूरत नहीं है। पार्किंग ठेकेदार के पास नो पार्किंग में पर्ची काटने का कोई अधिकार नहीं है। यह पूरी तरह से अवैध है।

### जांच के बाद करेंगे कार्रवाई

पार्किंग की शिकायत पर डिवीजन लगातार कार्रवाई करता है। नो पार्किंग में ठेका कर्मी पैसे वसूल रहे हैं तो मंडल के अधिकारी इसकी जांच और कार्रवाई करेंगे। - **डॉ. सुरकरविपुल विलासराव** सीपीआरओ

## खबर संक्षेप

### लेन-देन विवाद पर ब्लेड से हमला

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक युवक ने लेन-देन विवाद में दो युवक के खिलाफ ब्लेड से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिकित सिंह ठाकुर ने अजय सिंह परिहार तथा अमित उर्फ लाला निर्मलकर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सिकित ने पुलिस को बताया कि उसने अजय को दस हजार रुपए उधार दिए थे। वापस मांगने पर अजय और उसके साथी ने उस पर ब्लेड से हमला कर दिया।

### ट्रक ने बाइक को ठोका, बच्ची की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में ट्रक की ठोकर से एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह पौने 12 बजे रामनाथ साहू अपनी बाइक में उषा बाई साहू तथा छोटी बच्ची देविका को लेकर कहीं जा रहा था। चिखली पुल के पास ट्रक सीजी 08 एए 8777 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए रामनाथ की बाइक को ठोकर मार दी। रामनाथ सहित बाइक में बैठी बच्ची और महिला गिर गई।

गैंगस्टर के निशाने पर झारखंड में सरकारी ठेका लेने वाले कारोबारी

# मोबाइल शॉप छोड़कर रंगदारी करते गैंगस्टर बना अमन, हत्या समेत 100 से ज्यादा केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

तेलीबांधा शूट आउट मामले में झारखंड, गिरडीह जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर रायपुर लाए गए गैंगस्टर अमन साहू से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ में अब तक जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक अमन और उसकी गैंग झारखंड में बड़े सरकारी ठेका लेने वाले कारोबारियों से लेवी वसूली करने का काम करती है। पुलिस के अनुसार कोरबा, रायपुर स्थित शंकर नगर तथा तेलीबांधा में शूट आउट की घटना को अमन साहू के गैंग ने अंजाम दिया है। कहा जा रहा है कि अमन पर 100 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। ▶▶|शेष पेज 17 पर

### अमन से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही, लेवी नहीं देने पर हत्या की प्लानिंग

### 60 करोड़ की रंगदारी नहीं देने पर की थी हत्या

महज 17 साल की उम्र में अपराध की दुनिया में कदम रखने वाला अमन के खिलाफ 100 से अधिक मामले दर्ज हैं। झारखंड में एनटीपीसी कोल परियोजना के आउटसोर्स कंपनी ऋत्विक के प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर शरद कुमार की अमन पर मई 2023 में हत्या का आरोप है। शरद से अमन ने 60 करोड़ रुपए की रंगदारी की मांग की थी। रंगदारी नहीं देने पर शरद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गिरडीह जेल में जेलर पर फायरिंग करने का अमन पर आरोप है।


गैंगस्टर अमन पांच दिन की रिमांड पर, पूछताछ में खुलेंगे कई राज

### एनआईए भी दबिश दे चुकी है

हथियार खरीद बिक्री तथा लॉरेंस से संपर्क होने की वजह से अमन के अलग-अलग ठिकानों पर एनआईए की टीम इसी वर्ष जून में छापे की कार्रवाई कर चुकी है। पुलिस के अनुसार छोटे-मोटे अपराध में जेल आने वाले लोगों ▶▶|शेष पेज 17 पर

### हत्या की थी प्लानिंग

पुलिस के अनुसार कोरबा तथा रायपुर में तीन शूट आउट की घटना को अंजाम देने के बाद भी कारोबारियों में किसी भी प्रकार की दहशत नहीं होने से अमन साहू तथा विदेश में बैठा उसका साथी मयंक सिंह बुरी तरह से बौखला गए थे। बदमाश दबदबा कायम करने आने वाले समय में हत्या करने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस की चौकसी की वजह से बदमाश घटना को अंजाम देने से पीछे हट रहे थे।

### मोबाइल शॉप के रास्ते अपराध की दुनिया में पहुंचा

पुलिस के अनुसार अमन ने 12वीं की पढ़ाई करने के बाद एक मोबाइल शॉप खोली। इस दौरान वह अपराधियों के संपर्क में आया। अपराधियों के संपर्क में आने के बाद अमन अपनी दुकान के माध्यम से अपराधियों को हथियार सप्लाई करने लगा। आर्म्स एक्ट में जेल जाने के बाद वह जेल के अंदर अन्य बदमाशों के संपर्क में आया। इसके बाद अमन का अपराध का ग्राफ कम होने के बजाय तेजी से बढ़ता गया। पुलिस के अनुसार हथियार आपूर्ति करने के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से लॉरेंस विश्नोई के संपर्क में आया, पुलिस के अनुसार अमन की लॉरेंस से अब तक मुलाकात नहीं हुई है।

# पासपोर्ट अफसर को एसीबी की धौंस दिखाकर पांच लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग के एक जालसाज ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित श्याम प्लाजा पासपोर्ट कार्यालय के एक अफसर को फर्जी एसीबी अफसर होने की धौंस देकर पांच लाख रुपए की ठगी की है। पुलिस द्वारा आरोपी को दुर्ग से गिरफ्तार किए जाने की बात सामने आई है।

पुलिस के मुताबिक पासपोर्ट कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अभिजीत दत्ता ने प्रभात शर्मा के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। अभिजीत ने पुलिस को बताया है कि 19 सितंबर को प्रभात पासपोर्ट ▶▶|शेष पेज 17 पर

### कर्ज लेकर दिए पैसे

पासपोर्ट ऑफिस के अफसर, कर्मी, एजेंट को धमकाने के बाद जालसाज ने मौके पर उपस्थित लोगों को कैबिन से बाहर जाने के लिए कहा। जालसाज ने अभिजीत को कमरे से बाहर जाने से रोक लिया। कैबिन से जब सब बाहर निकल गए, ▶▶|शेष पेज 17 पर

### नौकरी का भय दिखाकर पैसों की मांग

आईडी कार्ड देखने के बाद मौके पर उपस्थित स्टाफ प्रभात को एपीओ के पास ले गया। एपीओ ऑफिस जाने के बाद जालसाज ने एपीओ को भी अपना आईडी कार्ड दिखाया। साथ ही एपीओ को धमकी देते हुए कहा कि इस ऑफिस का निचले से लेकर ऊपर तक का स्टाफ भ्रष्टाचार में लिप्त है, जिसका उसके पास पुख्ता प्रमाण है। जालसाज ने मौके पर उपस्थित पासपोर्ट शाखा के अफसर तथा स्टाफ को जेल भेजने की धमकी दी। साथ ही वरिष्ठ सहायक को जालसाज ने जेल भेजने के साथ नौकरी से बर्खास्त कराने की धमकी दी।

# उच्च शिक्षा विभाग जारी नहीं कर सका आदेश, अब आचार संहिता का पेंच, भूल जाइए छात्रसंघ गठन!



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शैक्षणिक सत्र 2024-25 बगैर छात्रसंघ गठन के ही गुजरने वाला है। उच्च शिक्षा विभाग अब तक छात्रसंघ गठन संबंधित आदेश जारी नहीं कर सका है। सत्र प्रारंभ होने के दौरान उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक कलैंडर जारी किया गया था। इसमें मनोनयन अथवा चुनाव पद्धति से छात्रसंघ गठन सितंबर अंत तक करने निर्देश दिए गए थे। यह स्पष्ट नहीं किया गया था कि छात्रसंघ का गठना चुनाव के जरिए होगा अथवा मेरिट आधार पर चयन किया जाएगा। नियमतः इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पृथक रूप से आदेश जारी किया जाता है, लेकिन इस बार उच्च शिक्षा विभाग यह आदेश ही जारी करना भूल गया। विश्वविद्यालय और महाविद्यालय उच्च शिक्षा विभाग से आदेश का इंतजार ▶▶|शेष पेज 17 पर

- **शैक्षणिक कलैंडर के अनुसार अगस्त अंत तक पूर्ण हो जानी थी छात्रसंघ गठन की प्रकिया**

### आदेश प्राप्ति नहीं

चुनाव अथवा मनोनयन के संदर्भ में अब तक उच्च शिक्षा विभाग से कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। इस कारण महाविद्यालयों को भी कोई अधिसूचना प्रेषित नहीं की जा सकी है।
- **प्रो. राजीव चौधरी**, मीडिया प्रभारी, रविवि

### नहीं चुने गए मेधावी

छात्रसंघ चुनाव करवाने के लिए अब वक्त नहीं है, लेकिन मनोनयन के लिए भी अब तक आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अभाव में हमने अब तक मेधावियों का चुनाव नहीं किया है।
- **डॉ. देवाशीष मुखर्जी**, सचिव प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

### हासिल हो प्रतिनिधित्व

समय रहते छात्रसंघ गठन पर निर्णय न लेना भाजपा की साजिश है, जिसका उद्देश्य युवाओं की आवाज को दबाना है। मनोनयन के माध्यम से ही सही, लेकिन छात्रों को प्रतिनिधित्व हासिल होना चाहिए।
- **शांतनु झा**, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

### कर दिया गया था निरस्त


कोरोनाकाल से पहले नवीन आदेश नहीं मिलने पर पूर्व आदेश को आधार मानते हुए महाविद्यालयों ने मेरिट आधार पर स्वतः छात्रगसंठन का गठन कर दिया था। आधा सत्र बीत जाने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने इसे रद्द करने का आदेश दिया था। इसके पश्चात से उच्च शिक्षा विभाग से आदेश प्राप्त नहीं होने की स्थिति में महाविद्यालय द्वारा गठन ही नहीं किया जाता है। इस बार भी यही स्थिति निर्मित हुई है। कई महाविद्यालयों द्वारा इसे लेकर विश्वविद्यालय से संपर्क भी किया गया, लेकिन कोई आदेश नहीं होने के कारण उनके द्वारा भी कोई अपडेट नहीं दिया जा सका।

# छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश से तय तारीख पर विदा हुआ मानसून, नमी अभी खत्म नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने निर्धारित समय में छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश से विदा हो गया है। फिलहाल वातावरण में मौजूद नमी की मात्रा कम होने के आसार नहीं हैं, जिसकी वजह से उमस भरी गर्मी से राहत के लिए कुछ दिन और इंतजार करना होगा। अभी बंगाल की खाड़ी में सिस्टम है, जिसकी वजह से नमी की मात्रा वातावरण में बनी रहेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक देश के प्रायद्वीपीय भाग में उत्तर-पूर्व मानसून के स्थापित होने की घोषणा कर दी गई है। अभी बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बना है, जिसके अगले दो दिन बाद तमिलनाडु से आंध्रप्रदेश की ओर जाने के आसार हैं। इसकी वजह से आर्द्रता की मात्रा में बढ़ोतरी होगी और उमस वाली गर्मी लोगों को कुछ ज्यादा परेशान करेगी और बस्तर के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश भी होगी। माना जा रहा है कि 20 अक्टूबर के बाद सिस्टम का असर खत्म होने और हवा की दिशा उत्तर पूर्व होने के मौसम में शुष्कता आएगी और रात के तापमान में आने वाली गिरावट ▶▶|शेष पेज 17 पर



- **बंगाल की खाड़ी में सिस्टम से वातावरण में मौजूद रहेगी आर्द्रता, वर्षा भी**

### मानसून की विदाई

- वर्ष 2024 में 15 अक्टूबर
- वर्ष 2023 में 16 अक्टूबर
- वर्ष 2022 में 16 अक्टूबर
- वर्ष 2021 में 13 अक्टूबर
- वर्ष 2020 में 21 अक्टूबर
- वर्ष 2019 में 19 अक्टूबर
- वर्ष 2018 में 5 अक्टूबर
- वर्ष 2017 में 17 अक्टूबर
- वर्ष 2016 में 15 अक्टूबर
- वर्ष 2015 में 18 अक्टूबर
- वर्ष 2014 में 17 अक्टूबर

महंगाई से आम जनता परेशान

# त्योहारी सीजन में नारियल ने भी खाया भाव, दाम चिल्हर में 30 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन में प्रदेश में लगातार महंगाई के कारण आम-आदमी परेशान हो रहा है। जहां एक तरफ घरेलू किराना का सामान लगातार महंगा हो रहा है, वहीं पहली बार अचानक नारियल की कीमत भी इस बार चिल्हर में डबल हो गई है। आमतौर पर त्योहारी सीजन में नारियल की कीमत 15 से 20 रुपए रहती है, लेकिन इस बार चिल्हर में यह 30 रुपए हो गया है। थोक में यह 20 से 25 रुपए ▶▶|शेष पेज 17 पर



### नारियल पानी भी महंगा

राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश भर में नारियल पानी की कीमत भी बढ़ गई है। आमतौर पर नारियल पानी 25 से 30 रुपए में मिलता है, लेकिन इस समय इसकी कीमत 60 से 70 रुपए हो गई है।

### बीते साल से कीमत डबल

कारोबारियों का कहना है कि आमतौर पर नारियल थोक में 10 से 12 रुपए और चिल्हर में 15 रुपए रहता है। कुछ चिल्हर कारोबारी 20 रुपए में बेचते हैं। इस बार नवरात्रि के समय डूमरतराई के थोक बाजार में 17 रुपए में बिकने वाला नारियल 25 रुपए हो गया था। लेकिन अब ▶▶|शेष पेज 17 पर



# आज वो होगा जो पहले कभी नहीं हुआ

## 101% ओरिजनल प्रदर्शनी.. ब्रांड बाजार ग्रुप की रायपुर में पहली बार

**झूठी कहानी लिखकर विज्ञापन देना ब्रांड बाजार के मालिक का काम नहीं.. क्योंकि हमारे माल में ही दम है**

रायपुर के सुराना भवन में **केवल 5 दिन** के लिये महाग्रांड डिस्काउंट ऑफर

## 90% तक छूट पर............ सीधा रिटेल ग्राहकों को

जानिये आखिर क्यों दे रहे हैं ब्रांड बाजार ग्रुप के मालिक - **ऑनलाईन से भी सस्ता**

"सर्दी से पहले ब्रांड बाजार के मालिक ने अपने वेयर हाउसों में रखे समस्त रेडीमेड गारमेंट्स के स्टॉक को बड़ा डिस्काउंट देकर खत्म करने का फैसला लिया है जिससे सर्दी का नया स्टॉक वेयरहाउसों में रखा जा सके"

## यह रायपुर के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा डिस्काउंट ऑफर कहलाएगा



इन सभी बड़े से बड़े ब्रांड के बच्चों के गारमेन्ट्स जिनकी मार्केट रेट 600/- से 1200/- तक है
**पूरे हॉल में से चुनकर लीजिये : 150/- से 350/- तक में**

लेडिस गारमेन्ट्स की हजारों वेरायटी जिनकी मार्केट रेट 800/- से 3500/- तक है
**पूरे हॉल में से चुनकर लीजिये : 200/- से 750/- तक में**

50 हजार से भी ज्यादा जेन्ट्स गारमेन्ट्स जिनकी मार्केट रेट 1000/- से 3200/- तक है
**पूरे हॉल में से चुनकर लीजिये : 200/- से 750/- तक में**



जेन्ट्स टी-शर्ट कॉलर व गोल गला
मात्र **150/-** से **250/-** में



जेन्ट्स शर्ट व फार्मल शर्ट
मात्र **150/-** से **350/-** में



जेन्ट्स जींस व ट्राउजर्स
मात्र **550/-** से **750/-**में



बरमूडा व लोअर
मात्र **250/-**से **350/-**में



लेडिस टॉप,लैगीस, लोअर, जींस
मात्र **100/-** से **350/-**में



900 से 1600/- कीमत की
रियो व कॉटन कुर्ती मात्र **100/-** से **450/-** में



900 से 1800/- की वन-पीस प्लाजो सेट
लॉन्ग फ्रॉक मात्र **250/-** से **650/-** में



800 से 1200/- कीमत की
बच्चा जीन्स, बच्चा शर्ट, टी-शर्ट
मात्र **100/-** से **350/-** में



फैंसी साड़ी, पार्टी वियर, कॉटन जॉर्जेट, सिंथेटिक साड़ियां - **350/-**में

| लेडिस जीन्स | जीन्स व ट्राउज़र्स | ब्रांडेड ब्रा | पेटीकोट | ब्रांडेड जेंट्स अंडरगारमेंट, बनियान |
|---|---|---|---|---|
| मात्र **100/-** | मात्र **50/-** | मात्र **50/-** | मात्र **100/-** | मात्र **50/-** से **100/-** में |

स्थान : **सुराना भवन** छोटापारा, एचपी गैस एजेंसी के सामने, सुभाष स्टेडियम के पास, नलघर चौक, रायपुर

sumit

दुर्ग की एजेंसी ने ट्रायल में 3 ई रिक्शा लगाए, अलग-अलग वार्डों में मच्छर उन्मूलन के लिए व्यवस्था

# शहर में अब शाम के समय ई रिक्शा से फागिंग, ठेका एजेंसी ने शुरू किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी वासियों को मच्छरों की समस्या से निजात दिलाने नगर निगम द्वारा अनुबंधित दुर्ग की एजेंसी ने शहर के विभिन्न वार्डों में ई रिक्शा से फागिंग करानी शुरू कर दी है। ठेका एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा प्रयोग बतौर अभी 3 ई रिक्शा के माध्यम से शहर के अलग-अलग वार्डों में घूम-घूमकर हाथ चलित मशीन से फागिंग की जा रही है। इसके साथ ही सुबह के समय एजेंसी के कर्मचारी एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कर रहे हैं। निगम मुख्यालय से टोल फ्री नंबर 77131-42361 जारी किया गया है।

## निगम के स्वास्थ्य विभाग ने जनशिकायत के लिए जारी किया टोल फ्री नंबर



रायपुर नगर निगम ने शहर को मच्छर मुक्त करने 3 माह के लिए दुर्ग की शिवांगी एजेंसी को 1 करोड़ 3 लाख में ठेका दिया है। चयनित एजेंसी ने 100 कर्मचारी रखकर एंटी लार्वा छिड़काव और हाथ चलित मशीन से फागिंग कराने का काम शुरू दिया है। एजेंसी के कर्मचारी ई रिक्शा में बैठकर हैंडफागिंग मशीन से मच्छर उन्मूलन के लिए फागिंग कराने जुटे हैं। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया, मंगलवार को जीई रोड स्थित साइंस कालेज मैदान, मालवीय रोड क्षेत्र और सदरबाजार इलाके के मुख्य मार्गों में ई रिक्शा से फागिंग कराने टीम भेजी गई। वर्तमान में 3 ई रिक्शा में हैंडफागिंग मशीन लेकर विभिन्न वार्डों में शाम के समय अनुबंधित एजेंसी के कर्मचारी फागिंग लगाये गये हैं। आने वाले दिनों में ई रिक्शा की संख्या बढ़ाकर 5 की जाएगी।

### इन इलाकों में फागिंग

जोन 4 क्षेत्र स्थित बूढ़ापारा क्षेत्र के नेहरू नगर इलाका, महामाई पारा, बजरंग मार्ग कैलाशपुरी, जोन 2 क्षेत्र के पुराना पुलिस लाइन मौदहापारा, देवेंद्र नगर सेक्टर 4 टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, न्यू पंडरी कपड़ा मार्केट एरिया, शिव मंदिर मुख्य मार्ग, जागृति नगर, पारसनगर, मेडिकल कालेज रायपुर परिसर के अलावा सिटी सेंटर पंडरी क्षेत्र में फागिंग कराई गई। एंटी लार्वा अभियान गत दिनों जोन 7 क्षेत्र के मोतीनगर रामकुंड एरिया, समता कालोनी क्षेत्र में चलाया गया।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती आज

**रायपुर।** दूधाधारी मठ के पास स्थित डॉ. राधाबाई शासकीय कन्या महाविद्यालय में 16 अक्टूबर को पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम आयोजन समिति रायपुर महानगर द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. रविवि के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला उपसस्थित होंगे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संचालक मान्यवर टोपलाल वर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक व कार्यक्रम अध्यक्ष सीएल देवांगन और विशेष अतिथि समाजसेवी प्रियदर्शिनी सहित आसपास के लोग शामिल होंगे।

# भाजपा-कांग्रेस से ब्राम्हण समाज ने मांगा टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश स्तरीय ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सामूहिक बैठक रखी। बैठक में उपस्थित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से उपचुनाव में ब्राह्मण समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग की सरकार से की है। बैठक में पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव का ऐलान हो गया है। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होनी है। यहां भी मतगणना 23 नवंबर को होगी।

उन्होंने बताया कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र लगभग 45000 की आबादी वाला क्षेत्र है। यहां ब्राह्मण समाज विधायक निर्वाचन की निर्णायक भूमिका में रहता है। 'वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ ब्राह्मण सहित एवं सर्वजन सुखाय का कार्य करता है। वर्तमान में ब्राह्मण समाज में व्यापक जनाधार वाले अनुभवी, मिलनसार, कर्मठ एवं योग्य प्रत्याशी हैं, जिन्हें पार्टी होने वाले उपचुनाव में टिकट प्रदान कर ब्राह्मण समाज की भावनाओं को सम्मान प्रदान कर सकती है। प्रदेश स्तरीय ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से बैठक कर इसका निर्णय लिया है।



### क्षत्रिय समाज ने की प्रतिनिधित्व देने की मांग

दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी बनने, टिकट पाने भाजपा और कांग्रेस में नेताओं की लंबी कतार है। लोकसभा चुनाव होने के बाद से दावेदार सक्रिय हैं। चुनाव तारीख का ऐलान होने के महीनों पूर्व से ही दावेदारों की चुनावी तैयारियां चल रही हैं। क्षत्रिय समाज द्वारा रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल रायपुर के पूर्व सदस्य व अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर को कांग्रेस और भाजपा से प्रत्याशी बनाने की मांग की गई है। समाज के लोगों ने बताया कि श्री ठाकुर को चुनाव में पूरे वकील समाज, पूरा पुरानी बस्ती एरिया और सभी समाज का सहयोग मिलेगा।








17 छत्तीसगढ़ के सभी दिगंबर जैन मंदिरों ....

**कैंपस इवेंट**

## जनसामान्य को बताए श्वेत छड़ी के नियम, निकाली विशेष रैली



**रायपुर।** शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ हायर सेकेंडरी विद्यालय मठपुरैना में विश्व श्वेत छड़ी दिवस मनाया गया। जन जागरूकता के लिए विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में रैली भी निकल गई। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को विश्व श्वेत छड़ी दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्वेत छड़ी जो दृष्टि दिव्यांगों के पहचान एवं स्वालंबन का प्रतीक है, के प्रति लोगों में जागरूकता लाई जाती है। श्वेत छड़ी के नियमों से जन सामान्य को अवगत कराया जाता है, ताकि लोगों का दृष्टि दिव्यांगों की गतिशीलता के प्रति समझ बड़े और उनके आवागमन को सुगम्य बनाने में सहायक हो सके।

### चौक-चौराहों, बैंक, पोस्ट ऑफिस में अभ्यास

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अमित त्रिवेदी, अधीक्षिका जी. सीता सहित समस्त शिक्षक भी ब्लाइंडफोल्ड पहनकर श्वेत छड़ी लेकर विद्यार्थियों के साथ जन जागरूकता रैली में शामिल हुए। विद्यालय की मोबिलिटी इंस्ट्रक्टर एस.राव ने बताया, यह 61वां विश्व श्वेत छड़ी दिवस है। इस अवसर पर हम विद्यार्थियों को विभिन्न चौक-चौराहों, बैंक, पोस्ट ऑफिस सहित अन्य स्थानों पर मोबिलिटी का अभ्यास करवाते हैं, जिसके माध्यम से वे श्वेत छड़ी लेकर आसानी से आम लोगों के बीच आवागमन कर सकें।

**आराधना**

## तर्क से नहीं समझ सकते भगवान को, इसके लिए भाव आवश्यक



**रायपुर।** महामाया मंदिर प्रांगण पुरानी बस्ती में आयोजित श्रीमद भागवत पुराण के पहले दिन मंगलवार को स्वामी राघवाचार्य ने सुखदेव महाराज की कथा सुनाई। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और श्रीमद भागवत का श्रवण लाभ उठाया। कथा शुरू होने से पहले महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और मोहल्लेवासी शामिल हुए। कथा के दौरान उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को यह उपदेश दिया कि मानव मात्र की इच्छा से कोई कार्य सफल नहीं होता, लेकिन भगवान की इच्छा से ही पूर्ण होता है, भगवान सुकदेव ने परीक्षित को भगवान भक्ति के लिए प्रेरित किया।

### स्वयं को करें आत्मसात

उन्होंने आगे बताया कि उपदेश कुशल बहुतेरे अर्थात दूसरों को कोई संकल्प देने से पहले स्वयं को आत्मसात करना चाहिए, भगवान को भाव से अनुभव करना चाहिए, तर्क से भगवान को पूर्ण रूप से नहीं समझा जा सकता। तर्क अंतहीन होते हैं, जैसे आम का वृक्ष बीज से पैदा हुआ है कि बीज आम से पैदा हुआ है। कथा भावना प्रधान होती है, यह इस रस का खजाना है, इसे मृत्यु पर्यंत रसपान करना चाहिए। वेदव्यासजी ने अंतिम और सर्वोत्तम रचना श्रीमद भागवत है। कलिकाल के प्रभाव से बचने के लिए अधिकधिक सत्संग करना चाहिए, क्योंकि सत्संग के समय मनुष्य पाप से दूर रहता है और सद्गति की ओर प्रेरित होता है।

**सिटी इवेंट**

## देशभर से पहुंचे संत, शोभायात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं ने साफ की सड़कें



**रायपुर।** सालासार धाम में सद्गुरु जीवत पुरी गोस्वामी के 23वें पीठाधीश्वर सतगुरु किशन पुरी गोस्वामी के 34वें वर्सी महोत्सव का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ बीते 13 अक्टूबर को किया गया, जिसका समापन मंगलवार देर शाम हुआ। अखिल भारतीय सिंधु समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतिम दिन शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज सदस्यों की भीड़ देखने को मिली। अखिल भारतीय सिंधु समाज के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी संत हंस दास उदासी, किशोर आहूजा, स्वामी तुलसी दास, मलंग बाबा, सूरज सहित अन्य नागरिक शोभायात्रा में मौजूद रहे।

### 4 घंटे तक चली शोभायात्रा

वर्सी महोत्सव के अंतिम दिन लिली चौक से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा के दौरान समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जहां सभी पारंपरिक परिधान व गाजे-बाजे के साथ यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा के शुरुआत में महिलाएं व बच्चे समाज का झंडा लहराते नजर आए, वहीं दूसरी ओर झाड़ू लगाकर सड़क साफ करते दिखे। रथ में प्रतिमा को विराजमान किया गया, जिसके पहले श्रद्धालुओं ने रास्तों पर फूल बिछाए। पुरानी बस्ती के मार्ग से प्रारंभ यात्रा में सभी श्रद्धालु जयकारा लगाते नजर आए। लगभग 4 घंटे के शोभायात्रा में शहर के विभिन्न स्थानों व अन्य शहरों से भी श्रद्धालुगण शामिल हुए। पूरे उत्साह के साथ वर्सी मोत्सव का समापन किया गया।

### राजधानी में तमिलनाडु के शिवाकाशी से आए पटाखे, इस बार पैकेजिंग पर अधिक ध्यान

# कलरफूल हुए अनार, एक बार जलाने पर 10 बार जलेगा 'एंग्री बर्ड', मोर की छवि तैयार करेगा 'पिकॉक'

गणेश चतुर्थी से ही पटाखों की मांग मार्केट में बढ़ जाती है। दशहरे के बाद से इसका बाजार मुख्य रूप से सजने लगता है। शहर में भी इन दिनों पटाखों का बाजार बड़े पैमाने पर सजने लगा है। इस बार भी कई नए पटाखे बाजार में लाए गए हैं, जो बच्चों के अलावा बड़ों को भी ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। इसमें शॉट, मोमबत्ती, सिंगल शॉट शूटर, वॉल स्पिनर, स्पार्कलर, स्मोक बम, चकरी, फुलझड़ी, अनार जैसे पटाखे दुकान में लाए जाए हैं, जिसकी खरीदी लोगों द्वारा सबसे अधिक की जाती है।



**रायपुर।** नवरात्रि समापन के साथ ही बाजारों को दीपावली पर्व के लिए सजाया जा चुका है। सुबह से देर रात तक विभिन्न तरह की दुकानों में रौनक देखी जा सकती है। इसके साथ ही पटाखा दुकानों में भी विभिन्न तरह के न्यू क्रिएशन पटाखे लाए गए हैं। थोक दुकान संचालकों के अनुसार, दीपावली से एक-दो माह पहले ही अन्य राज्यों से पटाखे मंगाए जाते हैं। जिसे राजधानी व प्रदेश के अन्य जिलों के फूटकर व्यापारियों को भी बेचा जाता है। इस वर्ष भी विभिन्न प्रकार के पटाखा लाए गए हैं, जिसमें बच्चों व बड़ों के लिए विभिन्न प्रकार के पटाखे शामिल हैं।







### 6 इंची पाइप पटाखे की कीमत 2000 रुपए

फूल चौक स्थित थोक व्यापारी विकास गोयल ने बताया, दीपावली के लिए 6 इंची पाइप बाजार में लाया गया है। जो 500-600 फीट ऊपर जाएगी, साथ ही 500-600 फीट के दायरे में आसमान में फैलेगी। इसकी कीमत 2000 रुपए एक नग है, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके साथ ही एंग्री बर्ड अनार आया है, जिसे एक बार जलाने पर 10 बार जलेगा। पिकॉक अनार है, जो जलने के बाद मोर की छवि तैयार करेगा। कटोरी चकरी है, जो जलने के कुछ समय बाद कटोरी का आकार लेगा। यह सभी बच्चों का मनपसंद पटाखा बना हुआ है। दीपावली के लिए कई विभिन्न प्रकार के पटाखा लाए जा चुके हैं।

### 240 शॉट का पटाखा सबसे अधिक महंगा

फूलचौक के थोक व्यापारी बंटी तेज शंकर गोयल ने बताया, इस वर्ष बाजार में कुछ नया बदलाव नहीं आया है। जहां से पटाखे लाए जाते हैं, वहां मजदूरों की कमी होने के कारण बीते वर्ष की तरह ही पटाखे तैयार किए जा रह हैं। नय प्रयोग करने के लिए कारीगर नहीं हैं। इस वर्ष यूनिक पटाखा नहीं बनाया जा रहा है। केवल पटाखों की पैकजिंग पर ध्यान दिया जा रहा है। बच्चों में अनार, चकरी, फुलझड़ी, रस्सी, लालबम व पॉप पटाखा पहली पसंद है। वहीं 2 इंची पाइप, 3 इंची पाइप, शॉट, रॉकेट पटाखा की डिमांड बड़े करते हैं। जिसमें सबसे महंगा पटाखा 240 शॉट है। इसकी अधिक कीमत होने के बाद भी इसे खरीदा जाता है।

### तमिलनाडु से पटाखा की खरीदी

गोलबाजार स्थित एक थोक दुकान के संचालक मोहित साहू ने बताया, राजधानी के अलावा ग्रामीण व अन्य शहरों में बिक्री के लिए पटाखा की बिक्री की जाती है। स्थानीय रूप से लोगों को बेचने के साथ ही छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से भी पटाखा का ऑर्डर लिया जाता है। बीते कई वर्षों से चकरी, अनार दाना व फुलझड़ी, लड़ियां दुकान में बेची जा रही है। इसे भी शिवाकाशी तमिलनाडु से राजधानी लाया जाता है। दीपावली से 15-20 दिन पहले ही दुकान में पटाखा सजाया जाता है। इसके साथ ही छोटे शहरों के लिए ऑर्डर शुरु हो जाते हैं।



### शुरुआती कीमत 20 रुपए

संतोषी नगर स्थित फूटकर व्यापारी किशन ने बताया, दुकान में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के फूटकर व्यापारी व सामान्य ग्राहक खरीदी के लिए आते हैं। इस वर्ष मल्टीकलर अनार आकर्षण का केंद्र है, जो बच्चों के लिए तैयार किया गया है। दीपावली के एक सप्ताह पहले दुकान में भीड़ शुरु हो जाती है, जो निरंतर भाई दूज त्यौहार तक बने रहती है। दुकान में बड़ों व बच्चों के लिए प्रत्येक वर्ष पटाखा लाया जाता है, जिसकी खरीदी की जाती है। दुकान में 20 रुपए से लेकर 2000-3000 रुपए तक के पटाखे मौजूद हैं।

# राष्ट्रपति के हाथों गोल्ड मेडल लेंगे 33 चिकित्सा छात्र, 6 को एमसीएच की डिग्री

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति दौपद्री मुर्मू शामिल होंगी। 26 अक्टूबर को होने वाले इस दीक्षांत समारोह में 33 चिकित्सा छात्रों को स्वर्ण पदक तथा 6 डाक्टरों को एमसीएच की उपाधि प्रदान की जाएगी।

### आयुष विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह 26 को



**रायपुर।** विवि प्रबंधन के साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़ा वर्ग इस दीक्षांत समारोह की तैयारी में जुटा हुआ है। इसके लिए लगातार बैठकों का दौर जारी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार विवि प्रबंधन दीक्षांत समारोह के लिए राष्ट्रपति के मिनट टू मिनट कार्यक्रम का इंतजार कर रहा है। इस समारोह में वर्ष 2023-24 में परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को विभिन्न दानदाताओं के नाम से स्थापित स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल एवं पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट में बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी तथा न्यूरो सर्जरी विभाग में संचालित एमसीएच कोर्स में पिछले दो साल में पढ़ाई पूरी करने वाले कुछ 6 छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी। जानकारी के अनुसार दीक्षांत समारोह के लिए पूर्वाभ्यास 25 अक्टूबर को किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले एमसीएच उपाधि वाले विद्यार्थियों से एक हजार तथा स्वर्ण पदक वालों से तीन सौ रुपए शुल्क लिया जा रहा है। इसके अलावा उन्हें दीक्षांत समारोह में शामिल होने वेशभूषा प्राप्त करने के लिए एक हजार रुपए देना होगा, जो वापसी योग्य राशि होगी।

प्री करवा चौथ सेलिब्रेशन में सोलह श्रृंगार कर पहुंचीं महिलाएं

# करवा चौथ के लिए सजाई थाल सदाबहार गीतों पर एकल प्रस्तुति

**रायपुर।** संगिनी महिला मंडल द्वारा 'प्री करवा चौथ सेलिब्रेशन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समता कॉलोनी स्थित भीमसेन भवन में रखा गया। शाम 4 बजे से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में उपस्थित हुईं। प्री करवा चौथ सेलिब्रेशन का ड्रेस कोड रेड कलर रहा। जिसमें महिलाएं सोलह श्रृंगार के साथ शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें करवा चौथ क्वीन, डांस प्रतियोगिता व थाली सजाओ स्पर्धा मुख्य रही।



### करवा क्वीन बनी सरोज अग्रवाल

*संगिनी महिला मंडल की अध्यक्ष किरण अग्रवाल ने बताया, प्रत्येक वर्ष करवा चौथ के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता है। डांस स्पर्धा में फिल्मी व पुराने सदाबहार गीतों पर महिलाओं ने एकल नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसकी विजेता पूजा अनमोल रही। इस दौरान महिलाओं के साथ कई बुजुर्ग भी शामिल हुए। करवा क्वीन स्पर्धा की विजेता सरोज अग्रवाल रहीं, जिन्होंने सोलह श्रृंगार किया था। वहीं थाली सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम वर्षा अग्रवाल रही। कार्यक्रम के दौरान शिखा चौधरी, प्रिया अग्रवाल, उषा अग्रवाल, कविता गोयंका, गायत्री गोयल मुख्य रुप से उपस्थित रहीं।*

### शरद पूर्णिमा आज : मंदिरों में तैयारियां पूर्ण, परिसर में खीर निर्माण कर देर रात होगा वितरण

# छनकर छोटे छिद्र से पहुंचेगा 'अृमत', प्रदूषण को देखते हुए मंदिरों में खीर के पात्र में खास तरह के जालीदार ढक्कन

**कार्नर न्यूज**

बदलते समय के साथ शहर में प्रदूषण का स्तर हर दिन बढ़ता जा रहा है। ऐसे में न दिखने वाले सूक्ष्म कार्बन और राख की परत शरद पूर्णिमा में खीर का स्वाद भी बिगड़ सकते हैं।

**रायपुर।** परंपरानुसार खुले आसमान में खीर बनाकर रखी जाती है, ताकि उसमें चांद की रोशनी संग अमृत की बूंदें शामिल हो सके। लेकिन खीर को बिना ढके खुले आसमान में रखने से चंदे मिनटों में ही अमृत वर्षा के साथ हानिकारक कार्बन में खीर में चले जाएंगे, जिससे स्वादिष्ट खीर भी जहरीली हो सकती है। वर्तमान में शहर का वायु प्रदूषण पीएम 2.5 है। हालांकि प्रदूषण का यह स्तर मामूली माना जाता है, लेकिन रातभर खीर खुले में रखने से यह हानिकारक भी हो सकता है।

इसे लेकर हरिभूमि ने पर्यावरणविद के साथ पुरोहितों से बातचीत की। इस बार मंदिरों में भी खीर के बर्तन को जालीदार ढक्कन से ढककर आसमान में रखा जाएगा। ताकि प्रदूषण हवा का प्रभाव खीर पर न पड़े। पर्यावरणविद डॉ. शम्स परवेज का कहना है कि अब शहर में रात के समय भी वायु प्रदूषण का स्तर दिन की तरह ही होता है। हवा में धूल के कण अमृत वर्षा के साथ खीर में जा सकते हैं। प्रयास करना चाहिए कि एक पॉलिथीन को बर्तन से ढककर उसमें छोटे-छोटे छेद कर दें। इसकी मदद से खीर तक चंद्रमा की रोशनी से लेकर स्वच्छ अमृत वर्षा पहुंच जाएगी।



### मंदिरों में जाली का करेंगे उपयोग

*बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर मंदिरों में बदलाव किए गए हैं। कचना स्थित मंदिर सुरेश्वर महादेव पीठ में इस बार खीर मंदिर परिसर में बनाकर खुले आसमान में रखी जाएगी। इस दौरान बर्तन को जालीदार ढक्कन से ढककर रखा जाएगा, जिसमें छोटे छिद्र की मदद से अमृत वर्षा खीर तक पहुंच सकेगी। स्वामी राजेश्वरानंद का कहना है कि लोग जालीदार ढक्कन का उपयोग कर सकते हैं। घर के बाहर, पेड़ के नीचे या फिर सड़क किनारे खीर बना रहे हैं तो पूरे समय बर्तन के पात्र को खुले में न रखें। खीर बनने के बाद कुछ समय के लिए ही खुले आसमान में रखें।*

### नहीं देते हैं आंखों से दिखाई



शहर में सुबह व रात के समय ओस गिरनी शुरू हो चुकी है। पर्यावरणविद का कहना है कि शहर में वायु प्रदूषण अब काफी बढ़ चुका है। इस वजह से अगर अब खुले आमसान में खीर रखकर सीधे अृमत वर्षा की बूंद लेना चाहेंगे, तो धूल के साथ कार्बन के सूक्ष्म कण चले जाएंगे। यह आंखों से दिखाई भी नहीं देते हैं। प्रयास करना चाहिए कि ऐसी जगह पर खीर बनाएं और रखें जहां सड़क न हो। जितने समय खीर खुले आसमान में रहेगी, प्रदूषण का असर खीर में बढ़ता जाएगा। शरद पूर्णिमा धार्मिक पर्व है। ऐसे में लोगों को भी एहतियात की आवश्कता है, ताकि खीर का स्वाद और सेहत दोनों अच्छी रहे। परंपरानुसार खीर बनाकर कुछ घंटों के लिए चंद्रमा की शीतल रोशनी में रख सकते हैं।

### 16 कलाओं में पूर्ण होता है चंद्रमा

शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा भी अपनी सभी 16 कलाओं में होता है। इस रात को चांद से निकलने वाली किरणें अमृत समान होती हैं। इस रात को चन्द्रमा अपनी 16 कलाओं के साथ पृथ्वी पर शीतलता, पोषक शक्ति एवं शांतिरूपी अमृत वर्षा करता है। इसलिए लोग शरद पूर्णिमा की रात को खीर बनाकर अपने घरों की छतों पर रखते हैं।

## खबर संक्षेप



### 256 अनाधिकृत निर्माण किए गए नियमित

**रायपुर।** कलेक्टर डा. गौरव सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण प्राधिकार समिति की बैठक हुई। इस बैठक में 256 प्रकरणों का निराकरण करते हुए अनाधिकृत निर्माण को नियमित करने के प्रस्ताव को पारित किया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनाधिकृत निर्माणों के लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द चरणबद्ध तरीके से निपटारा करे। उन्होंने कहा कि नियमों के सरल होने के बाद से नियमितिकरण आसान हुआ। इसके बाद तेजी के साथ प्रकरणों का निराकरण करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एडीएम देवेंद्र पटेल समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सूत्रों के नियमितीकरण प्राधिकरण समिति की बैठक होने से पूर्व रायपुर नगर निगम क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण को नियमितीकरण कराने के लिए करीब पांच हजार प्रकरण लंबित थे।

### सड़क स्वीकृति के लिए सीएम का आभार

**रायपुर।** पश्चिम विधानसभा को फिर चमकाने में जुटे पूर्व मंत्री तथा दिग्गज भाजपा नेता राजेश मूणत के प्रयासों पर सीएम विष्णुदेव साय ने मुहर लगाते हुए गुढ़ियारी को एक और फोरलेन सड़क प्रदान कर दी है। यह सड़क शुक्रवारी से शुरू होकर प्लेटफार्म-5 स्थित रेलवे फाटक को जोड़ेगी तथा पूरी तरह फोरलेन होगी। अभी यह सड़क कई जगह बेहद संकरी है। लगभग पौन किमी की इस सड़क के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने 26.52 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। सड़क निर्माण की मंजूरी और फंड मंजूर करने के लिए पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने सीएम विष्णुदेव साय, और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा, रायपुर पश्चिम क्षेत्र में सड़कों का इंफ्रास्ट्रक्चर और बढ़ाने के लिए और बड़ी कोशिशें की जाएंगी।

### महाराष्ट्र चुनाव में भूपेश और टीएस पर्यवेक्षक नियुक्त

**रायपुर।** महाराष्ट्र चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। श्री बघेल को विदर्भ रीजन और श्री सिंहदेव को पश्चिमी महाराष्ट्र की जिम्मेदारी दी गई है।

### कैबिनेट की बैठक आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में होगी। सुबह 11 बजे मंत्रालय में होने वाली कैबिनेट में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में इस साल होने वाली धान खरीदी की तारीखों पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं निकाय चुनावों के लिए बनी समिति की रिपोर्ट पर भी चर्चा करने के बाद निर्णय लिए जाने की संभावना है। वहीं विभागों द्वारा पेश किए गए अन्य प्रस्तावों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे। प्रदेश में उप चुनाव की घोषणा के बाद चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता के कारण लिए जाने वाले निर्णय को लागू करने से पहले चुनाव आयोग से अनुमति लेनी पड़ेगी।

# प्रदेश में भाजपा का आज से सक्रिय सदस्य बनाने का भी अभियान

## हर मंडल में 200 से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का सदस्यता अभियान चल रहा है। इस समय सामान्य सदस्यता का दूसरा चरण चल रहा है। तय कार्यक्रम के मुताबिक सामान्य सदस्यता अभियान का दूसरा चरण आज समाप्त हो गया है, लेकिन लक्ष्य पूरा न होने के कारण इसको 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इधर बुधवार से सक्रिय सदस्यता को लेकर अभियान चलेगा। प्रदेश भाजपा संगठन ने इस बार एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए हर मंडल से 200 से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। भाजपा के प्रदेश में 405 मंडल हैं। भाजपा का सदस्यता अभियान बूथ स्तर पर 6 सितंबर से प्रारंभ हुआ है। इसके बाद से तेजी से सदस्य बनाने का काम चल रहा है। भाजपा के जो पुराने सक्रिय सदस्य हैं, वे जहां इस प्रयास में जुटे हैं कि वे वापस सक्रिय सदस्यता प्राप्त कर लें, वहीं थोक में नए कार्यकर्ता भी इस प्रयास में हैं कि उनको भी इस बार सक्रिय सदस्यता मिल जाए ताकि उनको भी पार्टी में किस पद तक पहुंचने का मौका मिल जाए। यही वजह है कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस प्रयास में है कि उनके ही लिंक से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनें। हर कार्यकर्ता अपने लिंक को जहां अपने मित्रों को शेयर करके उनसे सदस्यता लेने का आग्रह कर रहा है, वहीं बूथों में भी जो कार्यकर्ता सदस्य बनाने जा रहे हैं, वे अभी इसी प्रयास में हैं कि उनके लिंक से ही आम लोग भाजपा की सदस्यता ले लें ताकि उनके लिए सक्रिय सदस्य बनने का रास्ता खुल सके।



### सक्रिय सदस्य को ही मिलता है पद

भाजपा में पार्टी के किसी भी पद के लिए कार्यकर्ता का सक्रिय सदस्य होना जरूरी होता है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सामान्य सदस्य बनाने होते हैं। इसके बाद सक्रिय सदस्य को सौ रुपए का शुल्क देना होता है। लेकिन सिर्फ कोई 50 सदस्य बनाने के बाद सक्रिय सदस्य बन जाएगा ऐसा नहीं है। इसके लिए उस सदस्य के लिए उस जिले के भाजपा के जिलाध्यक्ष के साथ जिले के प्रभारी की सहमति भी जरूरी है। जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी यह देखते हैं कि वास्तव में जो सक्रिय सदस्य बनना चाह रहे हैं वे कितने सक्रिय हैं। देखा जाता है कि ये कार्यकर्ता भाजपा के कार्यक्रमों, आंदोलनों और आयोजनों में आते हैं या नहीं। जो लोग महज पद के लिए सक्रिय सदस्य बनना चाहेंगे, उनके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी अनुमोदन नहीं करते हैं।

40 नेता इस समय भी वहां पर अपनी जिम्मे वाली विधानसभाओं में कर रहे हैं काम

# झारखंड-महाराष्ट्र चुनाव के लिए भी प्रदेश के 60 से ज्यादा नेताओं को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र और झारखंड में अगले माह होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के 60 से ज्यादा नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी है। इसमें से कई नेता महाराष्ट्र और झारखंड का लगातार दौरा कर रहे हैं। इसी के साथ 40 से ज्यादा नेता इस समय भी अपनी जिम्मे वाली विधानसभाओं में काम कर रहे हैं। झारखंड में तो प्रदेश के कई मंत्रियों को भी जिम्मा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वहां पर सभाएं लेने के साथ रोड शो भी कर चुके हैं। चुनाव का ऐलान होने के बाद अब एक-दो दिनों में प्रदेश के मंत्री भी झारखंड जाएंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री साय का भी वहां का लगातार दौरा होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने काफी पहले से उन राज्यों में चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी थी जहां पर चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ था। ऐसे राज्यों में महाराष्ट्र और झारखंड का भी नाम है। अब तो इन राज्यों में मंगलवार को चुनाव का ऐलान भी हो गया है। इन राज्यों के लिए छत्तीसगढ़ के कई नेताओं को जिम्मा दिया गया है।

### महाराष्ट्र में इनको जिम्मा



महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ के जिन नेताओं को जिम्मा दिया गया है, उनमें प्रदेश के महामंत्री रामजी भारती को संभाजीनगर शहर का जिम्मा दिया गया है। अन्य नेताओं में पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय को धाराशिव, संतोष उपाध्याय, नंदकुमार राणा, गोपाल विष्ठ को लातूर ग्रामीण, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, श्रवण मरकाम को बीड, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को संभाजीनगर दक्षिण, निरंजन सिंहा को संभाजीनगर उत्तर, कोमल जंघेल को जालना ग्रामीण, पूर्व विधायक नंदे साहू को परभणी ग्रामीण, वीरेंद्र कुमार साहू को हिंगोली, पूर्व विधायक रंजना साहू नांदेड़ दक्षिण, आशु चंद्रवंशी को नांदेड़ उत्तर, विक्रांत सिंह को नांदेड़ उत्तर का जिम्मा दिया गया है। इनमें से ज्यादातर नेता इस समय महाराष्ट्र में ही है। जो नेता वहां का दौरा करने के बाद लौट आए हैं, वो भी एक-दो दिनों में जाएंगे और वहां पर दीपावली के पहले तक पर रहेंगे।

### झारखंड में इनको जिम्मा



*झारखंड के लिए प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, विधायक भावना बोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को वहां पर कई विधानसभाओं का जिम्मा देकर क्लस्टर प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी को रामगढ़ और हजारीबाग जिले के विधानसभा की जिम्मेदारी मिली है। डिप्टी विजय शर्मा को गिरिडीह की जिम्मेदारी मिली है। सांसद विजय बघेल को सरायकेला, खरसावां के साथ चाईबासा की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को 4 विधानसभा सीटों का प्रभार दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को जमशेदपुर की चार विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। विधायक भावना बोहरा को यहां पर ग्रामीण का प्रभार दिया गया है। इसी के साथ और कई नेताओं को वहां का जिम्मा दिया गया है।*

# रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय संबंधी विभिन्न विषयों पर सांसद बृजमोहन ने की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल मंगलवार को नई दिल्ली में लोकसभा सचिवालय में रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुए और विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। समिति ने उन विषयों को जिन्हें पूर्व समिति द्वारा विचार के लिए लिया गया था, परंतु जिनके संबंध में समिति जांच पूरी नहीं कर सकी थी और उन पर प्रतिवेदनों को प्रस्तुत नहीं कर सकी थी, पर चर्चा हुई। समिति का क्षेत्राधिकार रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के निम्नलिखित विभाग इस समिति के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत उर्वरक विभाग, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग और औषध विभाग आते हैं। समिति के कार्य रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तीनों विभागों की अनुदानों की मांगों पर विचार करना और उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है। साथ ही रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय से संबंधित ऐसे विधेयकों की जांच करना जो अध्यक्ष, लोकसभा अथवा सभापति, राज्यसभा द्वारा, यथास्थिति, समिति को सौंपे गए हैं और उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है।

- लोकसभा की रसायन और उर्वरक संबंधी स्थाई समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद

2023-24 के कार्यकाल के दौरान, समिति ने आठ प्रतिवेदन, अर्थात दो विषय संबंधी प्रतिवेदन और रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तीन विभागों से संबंधित छह पर की गई कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान समिति ने विस्तृत जांच हेतु 15 विषयों यथा उर्वरक विभाग से संबंधित 5 विषयों, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग से संबंधित 6 विषयों और औषध विभाग से संबंधित 4 विषयों का चयन किया गया है।

# 16 रेंजर, 45 डिप्टी रेंजरों को दीपावली गिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग के 16 रेंजर तथा 45 डिप्टी रेंजरों को राज्य सरकार ने बड़ी दीपावली गिफ्ट दिया है। राज्य शासन ने इन रेंजर तथा डिप्टी रेंजरों का प्रमोशन करते हुए एसडीओ तथा रेंजर के पद पर पदोन्नत किया है। वन विभाग में दो साल के बाद रेंजर तथा डिप्टी रेंजरों की प्रमोशन लिस्ट जारी की गई है। रेंजर तथा डिप्टी रेंजर का प्रमोशन होने के बाद निचले स्तर के कर्मचारियों को भी शासन स्तर पर 15 साल से अटकी वेतनवृद्धि मिलने की आस है। जिन वनक्षेत्रपालों का प्रमोशन किया गया है, उनका स्थानांतरण आदेश भी जारी किया गया है। शासन के आदेश पर जिन रेंजरों का प्रमोशन किया गया है, उनकी सूची इस प्रकार से है- संदीप सिंह प्रभारी राज्य स्तरीय उड़न दस्ता से वन बल कार्यालय,बृजलाल देवांगन वन मंडल दंतेवाड़ा से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर, तोषी वर्मा परिक्षेत्र अधिकारी कोरबा से वन मंडल कार्यालय कोरबा, दुरपति सिदार धर्मजयगढ़ वनमंडल से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर, द्रोपति राजनंदगांव से उप वन मंडल अधिकारी दंतेवाड़ा, आसमान सिंह इंद्रावती टाइगर रिजर्व से कार्यालय सुकमा वन मंडल, संतोष कुमार पाण्डेय परिक्षेत्र अधिकारी रामानुजगंज, बलरामपुर से कार्यालय वन मंडल अधिकारी बलरामपुर, घासीराम कोर्राम नारायणपुर से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन नारायणपुर, सुखदास नाग सुकमा से अधीक्षक इंद्रावती टाइगर रिजर्व, अनिल कुमार बोमार्डे राजनांदगांव से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक कार्यालय दुर्ग, रामभरोस सोनवानी सुकमा से प्रबंध संचालक जिला यूनियन सुकमा, दिलीप कुमार सिन्हा भानुप्रतापपुर पश्चिम से उप वन मंडल अधिकारी अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र जगदलपुर, रामशरण राम बलरामपुर से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन सूरजपुर, पुष्पेंद्र कुमार साहू बलौदा बाजार से कार्यालय वन मंडल अधिकारी राजनंदगांव, तरुण तिवारी गरियाबंद से प्रभारी अधिकारी रायपुर, गुलशन कुमार साहू सुकमा से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन जगदलपुर स्थानांतरण किया गया है।

- रेंजर बने एसडीओ, डिप्टी रेंजर पदोन्नत होकर बने रेंजर



# प्रधानमंत्री आवास शहरी एएचपी के आवासों का भौतिक सत्यापन, 40 अफसरों की टीम प्रदेशभर में करेगी जांच

## उपमुख्यमंत्री साव ने दिए थे जांच दल बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एएचपी घटक के तहत बन रहे करीब 60 हजार आवासों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इस काम के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में इस जांच के लिए 40 अफसरों की एक टीम बना दी है। खास बात ये है कि उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के भारसाधक मंत्री अरुण साव ने पिछले महीने नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में निर्देश दिए थे। अब जांच दल का गठन किया गया है।

- सभी निकायों के लिए 4-4 अफसरों का दल गठित






### जांच प्रतिवेदन इस तरह बनेगा

निर्देश के मुताबिक जांच दल भागीदारी में किफायती आवास( एएचपी) घटक का कार्य अनुबंध के प्रावधानों के अनुरूप तय करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामाग्रियों की टेस्ट रिपोर्ट, सुरक्षा संबंधी उपाय, एजेंसी द्वारा बंद कार्यों में अनुबंध के मुताबिक वांछित कार्यवाही के विरुद्ध निकाय द्वारा की गई कार्यवाही, स्वीकृत आवासों, के आवंटन एवं पूर्ण आवासों के व्यवस्थापन तथा अन्य आनुषांगिक विषयों के संबंध में निकायों द्वारा की जा रही कार्यवाही को रिपोर्ट में शामिल करेंगे। इसके साथ ही योजना के क्रियान्वयन के लिए निकाय में होने वाली कठिनाईयों और उनके निराकरण के उपाय भी रिपोर्ट में रखेंगे।

### जारी हुआ ये आदेश

*नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राज्य के सभी नगर पालिका निगमों में जहां ये आवास बन रहे हैं, उनकी जांच के लिए चार-चार अधिकारियों के दल बनाए गए हैं। इसमें संयुक्त संचालक, सहायक संचालक,उप संचालक, कार्यपालन अभियंता, तथा एसएलटीसी विशेषज्ञ शामिल किए हए हैं। यह जांच दल निरीक्षण प्रतिवेदन मुख्यकार्यपालन अधिकारी सूडा को पेश करेंगे।*

### सभी निगम क्षेत्रों में हो रहा है निर्माण

*इस योजना में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि आवास जल्द से जल्द वितरित किए जा सकें। छत्तीसगढ़ की कई शहरी क्षेत्रों में यह योजना विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें दुर्ग, रायपुर, और बिलासपुर जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। प्रदेश के सभी निगम क्षेत्रों में ये मकान बनाए जा रहे हैं।*

### अब तक हो चुकी है 60 हजार आवास की मंजूरी

*छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत, (अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप) परियोजना के तहत बड़ी संख्या में आवास निर्माण हो रहे हैं। राज्य में अब तक लगभग 60,000 नए आवासों को मंजूरी दी जा चुकी है। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए मकान बनाए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में किफायती दरों पर आवास प्रदान करना है, और इसके तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल का भी उपयोग किया जा रहा है, ताकि निजी क्षेत्र से भी जुड़ाव हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगढ़ की कई परियोजनाएं जारी हैं, जिनमें राज्य सरकार और केंद्र सरकार की ओर से आवासों के निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। केंद्र और राज्य के बीच 60:40 के अनुपात में वित्तीय साझेदारी है, जिससे हर पात्र परिवार को 2.5 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है।*

## संगठनात्मक और जनहित के मुद्दों में हम भाजपा से ज्यादा मजबूत- बैज

# दक्षिण उप चुनाव में कांग्रेस-भाजपा ने किए जीत के दावे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव की तिथि की घोषणा के बाद कांग्रेस और भाजपा ने जीत के दावे किए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इसका स्वागत करते हुये कहा, कांग्रेस चुनाव में जाने के लिये पूरी तरह से तैयार है। अबकि बार हम दक्षिण में नया इतिहास रचेंगे। जनता के आशीर्वाद से यहां से कांग्रेस का प्रत्याशी चुनाव जीतेगा। दक्षिण विधानसभा का चुनाव में साय सरकार के 11 माह के कुशासन के खिलाफ जनता मतदान करने को तत्पर है। उन्होंने कहा, 11 माह में राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था भाजपा की वायदाखिलाफी, सरकार का कुशासन बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। कोई सरकार 11 माह के अल्प समय में ही इतनी ज्यादा अलोकप्रिय साबित हो सकती है, इसका उदाहरण छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार है। जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है, अतः जनमानस भाजपा के खिलाफ है। उन्होंने कहा, आम आदमी भाजपा के राज में अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, दक्षिण के उपचुनाव के लिये कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक तैयारी भी पूरी है। सभी 19 वार्डो में पार्टी की बूथ कमेटियां चुनाव में जाने को मुस्तैद है। वार्ड स्तर पर जिम्मेदारी दी जा चुके है, लगातार कार्यकर्ताओं की बैठकें जारी है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में दक्षिण उपचुनाव को लेकर उत्साह है।

- 11 माह की साय सरकार की नाकामी चुनाव में बड़ा मुद्दा- कांग्रेस

### रिकार्ड मतों से जीतेंगे- श्याम बिहारी



चुनाव प्रभारी और मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चुनावी तारीखों के ऐलान के बाद कहा, भाजपा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। रायपुर दक्षिण का उप चुनाव विशेष है। अब तक बृजमोहन लड़ते रहे हैं, इस बार नया चेहरा चुनाव लड़ेगा। दक्षिण उप चुनाव को हम रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। कांग्रेस की तैयारियां कैसी रहती हैं, सभी जानते हैं, विधानसभा और लोकसभा में बोले थे एकतरफा जीतेंगे। अब भी जीतने का दावा कर रहे हैं, हारने के बाद ईवीएम पर ही ठीकरा फोड़ेंगे।

### सीट खाली होने के बाद से चल रही तैयारी- बृजमोहन



*रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, बीजेपी उपचुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। जब से मैंने सीट खाली की है, तब से ही हमारी चुनाव की तैयारी चल रही है। आठ बार रायपुर दक्षिण की जनता ने हमें जीत दिलाई है, अगली बार भी बीजेपी की जीत होगी। कांग्रेस अब चुनौती नहीं है, जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में, अब हरियाणा में कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। पूरी ताकत लगाकर उपचुनाव में अपनी भूमिका निभाएंगे। बीजेपी का जो भी प्रत्याशी होगा, उसको जिताने के लिए कार्य करेंगे। महाराष्ट्र और झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा पूरे देश में मजबूत है, कांग्रेस के सपनों को हरियाणा ने चकनाचूर कर दिया।*

*संपति विरूपण पर कलेक्टर ने जारी की चेतावनी*

# उपचुनाव के दौरान केवल रायपुर दक्षिण में लागू होगी आचार संहिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग ने कर दी है। अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि आचार संहिता किस तरह लागू होगी? इस सवाल के जवाब में राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने हरिभूमि से कहा है कि आचार संहिता केवल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में ही लागू होगी। रीना कंगाले के मुताबिक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो जाती है। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अब सरकारी खर्चों से किसी योजना का प्रचार नहीं किया जा सकेगा। सरकार की किसी कल्याणकारी योजना के संबंध में चुनाव होने तक प्रचार प्रसार नहीं किया जा सकेगा। आचार संहिता लागू रहने तक कोई भी शासकीय कार्यक्रम, उद्घाटन, शिलान्यास वगैरह भी नहीं हो सकता। सरकारी दफ्तरों में भी किसी तरह का राजनीतिक प्रचार नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को वे आदर्श आचार संहिता से संबंधित मापदंड की जानकारी प्रसारित करेंगी। उल्लेखनीय है कि 18 अक्टूबर से दक्षिण सीट के लिए नामांकन होंगे। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले ने दी जानकारी

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया ये निर्देश

उप-निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र में किसी संपत्ति का विरूपण न हो। कलेक्टर ने मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, शासकीय कार्यालयों से लेकर विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक भवनों, स्वीमिंग पुल, लाइब्रेरी जैसी शासकीय परिसरों से भी सभी प्रकार की संपत्ति विरूपित करने वाले साधनों को समय-सीमा में हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। डॉ. सिंह ने संपत्ति विरूपित करने वाले लोगों के विरुद्ध तत्काल निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने व विरूपण हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### सिंधी काउंसिल युवा विंग की बैठक, दिवाली के पहले दीए बांटेंगे

रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया युवा विंग छत्तीसगढ़ इकाई की बैठक में नई कार्यकारणी के सदस्यों का परिचय एक-दूसरे से कराया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि आने वाले कल का भविष्य युवा हैं। बहुत मजबूत युवा विंग की टीम गठित की गई है। सिंधी काउंसिल युवा विंग अध्यक्ष रवि ग्वालानी ने बताया कि 25 से 29 अक्टूबर तक अलग-अलग जगह मिट्टी से बने हुए दीए निशुल्क वितरित किए जाएंगे। इस अभियान का नाम एक दीया श्रीराम के नाम दिया गया है। इस अभियान में एक पांच सदस्य समिति भी बनी है, जो पूरे दिए वितरण की देखरेख करेगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री जैसिंघ ने कहा, हमारा मकसद है हर घर रोशनी घर-घर रोशनी, हम सभी चाहते हैं, हर घर दुकान में श्रीराम भगवान के नाम से दीया जले और सभी का घर सुख-शांति, समृद्धि से रोशन हो, हर घर दिवाली बहुत धूमधाम से मनाए। बैठक में गौतम रेलवानी, नरेश पंजवानी, सुनील वाधवा, अविनाश खेतपाल, राजू मनवानी, आशीष वासवानी, विनय नागदेव, राजकुमार मनवानी, मोहित रंगलानी, संदीप थौरानी, सन्नी कुकरेजा, मुकेश मोटवानी, विकेश दोदाई, विक्रम मंधान, रितेश रंगलानी, अविनाश खेतपाल, नीरज मनवानी, जतिन नचरानी, राजू मनवानी, मोहित रंगलानी, जय रेलवानी, पंकज इसरानी, विशाल नानवानी आदि उपस्थित थे।

# सूरजपुर की घटना : सरकार और पुलिस तंत्र पर सिंहदेव ने उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर।

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, पूरे प्रदेश के जैसे सूरजपुर जिले में लगातार आपराधिक घटनायें बढ़ गयी हैं। महिलायें, बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। सूरजपुर में अत्यधिक वीभत्स घटना रविवार रात की है, जहां एक जिला बदर अपराधी ने पुलिस कर्मी के घर में घुसकर उनकी पत्नी और 12-13 साल उम्र की बच्ची की नृशंस हत्या कर दी। कम से कम 15 से 20 वार उनकी पत्नी के शरीर पर और पुत्री के शरीर व गले में किसी धारदार औजार से हमला कर निर्ममता से हत्या की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि एक जिला बदर व्यक्ति कैसे जिले में घूम रहा था?

### दुर्गा पूजा में तलवार भांजते देखा गया

टीएस ने कहा, जिलाबदर व्यक्ति के बारे में लोगों ने बताया दुर्गा पूजा के कार्यक्रम के दरमियान तलवार भांजते हुए भी देखा गया। जिस रात की घटना हुई उस रात हवलदार को फोन करके वो बोलता है कि मैं थाने के पास खड़ा हूं तुम आ जाओ। हवलदार वहां पहुंचते हैं, उस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करता है। थाने वाले लोग बताते हैं कि करीब 9.40 के आसपास की यह घटना है। इसके बाद वो रात को घर पहुंचता है, संभवतः साढ़े 11 बजे के आसपास और यह इस वीभत्स घटना को अंजाम देता है।



### 10 माह में कानून व्यवस्था लचर- महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने प्रदेश मे लगातार घट रही आपराधिक घटनाओ पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सुशासन का राग अलापने वाली भाजपा सरकार मे लगातार घटनाओं से प्रदेश भयभीत है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से कभी भी क़ानून व्यवस्था इतनी लचर नहीं रही, जितनी पिछले दस महीने मे हो गयी है।

### मामूली विवाद में एक व्यक्ति को छत से फेंका

इतना ही नहीं दुर्गा सप्तमी के दिन एक कार्यक्रम हो रहा था जिसमें शहनाज़ अख्तर का कार्यक्रम था। कुछ लोग घरों के ऊपर से कार्यक्रम देख रहे थे। ये जो हत्यारा कुलदीप साहू और इसका बड़ा भाई संदीप साहू भी कार्यक्रम को ऊपर से देख रहे थे। एक व्यक्ति के साथ वाद-विवाद होता है। ये लोग उसको ऊपर से नीचे फेंक देते हैं।

क्या यही पुलिस तंत्र की व्यवस्था छत्तीसगढ़ में कायम है? किसके संरक्षण में घूमने दिया जाता है? दुर्गा पूजा में भाग लेने दिया जाता है, विसर्जन में जाता है। पुलिस वाले को चुनौती देता है। खौलते हुए तेल की कढ़ाई एक के ऊपर फेंकता है। दूसरे को बुलाकर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करता है। शासन-प्रशासन ऐसा पंगु दिखता है, ऐसा निष्क्रिय और नाकाबिल दिखता है कि दो महिलाओं की, एक मां की और एक बच्ची की हत्या हो जाती। जिला बदर अपराधी इसके पूर्व जिले में घूमता हुआ पाया जाता है। पुलिस की लापरवाही से जिला बदर बदमाश खुले में घूम रहा था। उसने दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया।

**भाजपा का चुनावी वादा पूरा करने बनी है कमेटी**

# निहारिका कमेटी के सामने कर्मचारी नेताओं ने खोला मांगों और समस्याओं का पिटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों की मांगों और समस्याओं की सुनवाई के लिए गठित प्रमुख सचिव निहारिका बारिक की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष कर्मचारी नेताओं ने मांगों और समस्याओं का पिटारा खोल दिया है। भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए कमेटी बनाने का वादा किया था, इसके तहत ही यह कमेटी बनी है।

राज्य शासन के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों की समीक्षात्मक प्रक्रिया आरंभ करने एवं मार्ग प्रशस्त करने गठित समिति की अध्यक्ष निहारिका बारिक सिंह ने आज मंत्रालय में विभिन्न मान्यता प्राप्त पंजीकृत अधिकारी-कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा, उपाध्यक्ष नंदलाल चौधरी, महासचिव अविनाश तिवारी और छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जी आर चंद्रा शामिल हुए।



### खोला गया मांगों और समस्याओं का पिटारा

बैठक में प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिए जाने और जुलाई-2019 से लंबित महंगाई भत्ते के एरियर्स को भविष्य निधि खाते में समायोजित किए जाने के साथ ही राजपत्रित अधिकारियों के सर्वोत्तम हित में एक राज्य-एक भर्ती नियम प्रणाली लागू किए जाने, आई.ए.एस. अवार्ड हेतु एलायड सर्विसेस के अधिकारियों को एक तिहाई पदों पर अवसर प्रदान किए जाने, विभिन्न विभागों में विभागाध्यक्ष के पदों पर विभागीय संवर्ग के अधिकारियों की पदोन्नति कर पदस्थ किए जाने तथा शासकीय सेवकों को चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान क्रमशः 8,16, 24 एवं 32 वर्ष में दिए जाने के संबंध में चर्चा की गई।

**सामने रखी गई ये मांगें :** बैठक में राजपत्रित अधिकारियों के गोपनीय प्रतिवेदन व अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन किए जाने पर चर्चा की गई, ताकि समय पर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ मिल सके। शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य सुविधा हेतु राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों से कैशलेस इलाज की सुविधा दिए जाने।

### पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट हो सार्वजनिक

बैठक में मंत्रालय की भांति सभी विभागों के विभागीय सेट-अप पुनरीक्षित किए जाने, बैकलॉग एवं सेवानिवृत्ति से रिक्त पदों की भर्ती तत्काल किए जाने, पशुधन विकास विभाग में तृतीय समयमान वेतनमान हेतु 15 अंक के स्थान पर 12 अंक निर्धारित किए जाने,प्रदेश के शासकीय सेवकों को केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता दिए जाने, प्रदेश सरकार द्वारा वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने, मंत्रालय की भांति संचालनालय में कार्यरत अधिकारियों/ कर्मचारियों को समान सुविधाएं दिए जाने, पेंशनरों को त्वरित पेंशन भुगतान हेतु 23 वर्षों से लंबित राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को विलोपित किए जाने तथा विभागाध्यक्ष कार्यालयों में पदस्थ राजपत्रित अधिकारियों को मंत्रालय प्रवेश के लिए अस्थायी पास जारी किए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई।

# ऑल इन इंडिया प्रिंट साउथ प्रिंटिंग एक्सपो 9 नवंबर से हैदराबाद में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हैदराबाद में ऑल इंडिया प्रिंट साउथ 2024 प्रिंटिंग एक्सपो का आयोजन 9 से 11 नवंबर तक किया जा रहा है। इसमें व्यवसाय से जुड़ी आधुनिक तकनीक की जानकारी मिलेगी। इसके साथ एक्जीबिशन में 350 से अधिक विभिन्न प्रकार की मशीनें वहां पर प्रदर्शन के लिए रखी जाएंगी। छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एसोसियेशन के सचिव सुजीत चौरसिया ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रिंटिंग व्यवसाय में नवीनतम तकनीक की जानकारी व छत्तीसगढ़ में अपने व्यवसाय को बढ़ाने के मकसद से यह आयोजन तेलंगाना ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसियेशन द्वारा आयोजित है। पत्रकारों से चर्चा में छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष शिवशंकर दानी ने बताया कि हैदराबाद में होने जा रहे ऑल इन इंडिया प्रिंट साउथ 2024 प्रिंटिंग एक्सपो में प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की नई जानकारी मिलेगी, साथ ही अनुभव साझा करने का मौका मिलेगा।

■ तीन दिवसीय आयोजन, छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एसोसियेशन के सदस्य होंगे शामिल

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **निर्मल कुमार प्रजापति पिता मोहन लाल प्रजापति** निवासी बोरियाखुर्द रोड़, मोती नगर के सामने रायपुर पिन 492 001 (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैने अपना पुराना नाम **निर्मल कुमार प्रजापति** के स्थान पर **निर्मल प्रजापति पिता मोहन लाल प्रजापति** रख लिया हूँ।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **निर्मल प्रजापति पिता मोहन लाल प्रजापति** से ही जाना पहचाना जावे।

**निर्मल प्रजापति**
**बोरियाखुर्द रोड़,**
**रायपुर (छ.ग.)**

## NAME CHANGE

It is Inform to the general public that I **Nirmal Kumar Prajapati S/O Mohanlal Prajapati** resident of H.No 144 Boriakhurd Road, Santoshi nagar opposite Motinagar Raipur (C.G.) have changed my old name **NIRMAL KUMAR PRAJAPATI S/O MOHANLAL PRAJAPATI**.

So in future i should be recognized by my name that is **NIRMAL PRAJAPATI S/O MOHANLAL PRAJAPATI**, in all goverment and other documents.

**NIRMAL PRAJAPATI**
**H.No 144 Boriakhurd Road, opp. Motinagar Raipur (C.G.)**

## शपथ पत्र

मैं अशोक देवांगन पिता स्व. श्री गणेशराम देवांगन, उम्र 37 वर्ष, निवासी-एकता नगर टेमरी, माना कैम्प रायपुर छ.ग. निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मुझ शपथकर्ता द्वारा अपने पुत्र के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी क्र. 366498926 लिया गया है, जिसमें शपथकर्ता के पुत्र का नाम यक्ष देवांगन दर्ज है।
3. यह कि, शपथकर्ता की पुत्र का वास्तविक नाम सिविल हॉस्पिटल, माना कैम्प रायपुर द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार यतिन्द्र देवांगन, पिता श्री अशोक देवांगन है। जिनकी जन्मतिथि 16/09/2018 है।
4. यह कि, शपथकर्ता अपने पुत्र के नाम से जारी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी क्रं. 366498926 में अपने पुत्र का वास्तविक नाम यतिन्द्र देवांगन अंकित करवाना चाहता है।
5. यह कि शपथकर्ता अपने उपरोक्त कथनों को प्रमाणित करने के समर्थन में शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि कंडिका 01 से 05 की बातें मेरे निजी जानकारी से सही व सत्य है, अतः आज दिनांक को हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।

**शपथकर्ता**

**दिनांक 15/10/2024**

### भाजपा राज में कानून व्यवस्था तार-तार



रायपुर। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश मे लगातार घट रही आपराधिक घटनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुशासन का राग अलापने वाली भाजपा सरकार मे लगातार घटनाओं से प्रदेशवासी भयभीत हैं। छत्तीसगढ़ राज्य को अस्तित्व मे आए 24 साल हो गए, कभी भी कानून व्यवस्था इतनी लचर नहीं रही, जितनी पिछले दस महीने मे हो गई है। "हम ही बनाए हैं, हम ही संवारेंगे" का नारा देने वाली भाजपा की सरकार से जनता पूछ रही है कि छत्तीसगढ़ में कानून का राज कब सुधरेगा? डॉ. महंत ने कहा, बलौदाबाजार, कवर्धा के बाद अब सूरजपुर जिला जल रहा है। प्रदेश के फेलवर गृहमंत्री विजय शर्मा कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के बजाय ऊलजुलूल बयानबाजी कर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं।

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर
## // आम सूचना //

जारी दिनांक- 15/10/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मती मानवती प्रजापति पिता/पति उग्रसेन प्रजापति निवासी मकान नं. 25 कुलबहेरिया रीवा म.प्र. छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 70/7, 70/13 रकबा 0.0050, 0.0047 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 10/10/2024 के परिपालन में दिनांक22/10/2024 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि मे पटवारी हल्का नम्बर 73 के देवपुरी मे स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वंय अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**(राजस्व निरीक्षक)**
**रायपुर**

## //आम सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-2096 दिनाक 01.06.2015 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच.आई.जी-1/688, को श्री सुदीप शंकर डे पिता श्री मधुसुदन डे एवं श्रीमती इशिता कारक पति श्री सुदीप शंकर डे, निवासीः 9915 CROSS MEADOW DRIVE MASSON, OH 45040, USA, के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 23.06.2016 को सेलडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री सुदीप शंकर डे एवं श्रीमती इशिता कारक ने श्री गौरंग कारक पिता स्व.श्री ए.आर. कारक, निवासीः फ्लैट नं. ई-5/20, सी.एच.पी.एल. चौहान टाउन जुनवानी रोड, भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) को आम मुख्तयार नियुक्त किया गया है, मुख्तयार द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री राजेश कुमार गोविन्दराज पिता श्री गोविन्दराज, निवासीः- एफ1सी, ब्लॉक नं. 07, मकान नं. 603, सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर, थाना-राखी, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी-1/688, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना. नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

## //आम सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6931 दिनांक 07.08.2012 के द्वारा नवा रायपुर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एल.आई.जी. फ्लैट, तृतीय-तल-23/303, को श्रीमती निरंजना बंसोड़ पति श्री विनोद बंसोड़, के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 24.06.2016 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती निरंजना बंसोड़ पति श्री विनोद बंसोड, निवासीः- वार्ड नं. 24, इंदिरा नगर बी.एम.वाय. चरौदा भिलाई, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री पवन कुमार राठौर पिता श्री मोहन लाल राठौर, निवासीः-174, धुरकोट, जांजगीर-चांपा, तहसील व जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-29, में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एल.आई.जी. फ्लैट, तृतीय-तल-23/303, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना. नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

## -:: आम सूचना ::-

वाके मौजा कचना (वॉर्ड क्र. 26 कुशाभाऊ ठाकरे वॉर्ड), प.ह.नं. 00043, रा.नि.मं. रायपुर-8-शंकर नगर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 218/3, रकबा 0.0090 हे. याने 1000 वर्गफुट भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता सरोजनी बाई यादव पति श्री जीवन लाल यादव, पता ग्राम परसदा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. के भूमिस्वामी हक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की खुली भूमि वाके मौजा कचना (वॉर्ड क्र. 26 कुशाभाऊ ठाकरे वॉर्ड), प.ह.नं. 00043, रा.नि.मं. रायपुर-8-शंकर नगर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 218/3, रकबा 0.0090 हे. याने 1000 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का मौखिक सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर दिया है उक्त भूमि का मात्र बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार के संदर्भ में जिस किसी भी व्यक्ति (यों), संस्था, निगम, निकाय, साहूकार, बैक, वित्त प्रदाय करने वाली अन्य समस्त संस्था, प्राधिकरण अथवा शासकीस-अर्द्धशासकीय, निकाय या प्राईवेट संस्थान को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति, वाद-विवाद, निहित हित, हो तो वह अपनी आपत्ति मय प्रमाणित दस्तावेजों के मेरे अघोलिखित पते पर कार्यालयीन अवधि में इस आम सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करें उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियां एवं दावे शून्य एवं विधि विरूध्द समझी जायेगी और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

**सो सूचना जानिये ।**

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक- 15/10/2024

**भूपेन्द्र सिंह**
**अधिवक्ता, कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9893543048**

Health Town
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर MD आयुर्वेद (पुणे)
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
Timing- (11-8) by Appointment
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नसों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पैरालीसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ॐ सांई कार्पोरेशन
आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बिजली बिल लायें और ई-रिक्शा ले जायें
0% DOWN PAYMENT
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पिटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया,
बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार
निरंकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

करन मोटर्स
मात्र 10,000 रुपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा
स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर
हिल्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर
93404-44755

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

मानसरोवर
FESTIVE SPECIAL OFFER
COMFORTER सिंगल बेड ₹ 229/-
COMFORTER डबल बेड ₹ 319/-
*GST APPLICABLE
78800-02711, 78800-02704
78800-02708

## खबर संक्षेप



### जेसीआई सुपर चैप्टर के 13 अध्याय अध्यक्ष घोषित

**रायपुर।** भारतीय जूनियर चैंबर मंडल-9 के अंतर्गत रायपुर में जेसीआई के 2025 के लिए 13 अध्याय अध्यक्षों की घोषणा जेसीआई सुपर चैप्टर के फाउंडर एवं चेयरमैन राजेश अग्रवाल द्वारा की गई, जिसमें वर्ष 2025 अध्यक्ष, सचिव, अध्याय प्रभारी और को-ऑर्डिनेटरों की नियुक्ति की गई, जिसमें जेसीआई रायपुर कैपिटल के अध्यक्ष जेसी हेमंत यादव और सचिव गौरव कोठरिया को बनाया गया। इसी प्रकार जेसीआई वामा कैपिटल की अध्यक्ष जेसी आस्था बाफना, सचिव दिव्या जैन, जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल के अध्यक्ष धारा विरानी, सचिव पलाश सिहानी, जेसीआई रायपुर नोबल की अध्यक्ष धनश्री भट्ट, सचिव नंदिनी सोनी, जेसीआई रायपुर वामांजलि की अध्यक्ष आकांक्षा प्रीत, सचिव प्रियंका गुप्ता, जेसीआई रायपुर मेक यूनाइटेड के अध्यक्ष रौनक बेंगानी, सचिव जेसी खुशी कुंभारे, जेसीआई रायपुर संस्कार के अध्यक्ष आदित्य सिंह टिकरिहा आदि को बनाया गया। आईटीसी एम्बेसडर के पद पर जेसी आंचल पंजवानी को नियुक्त किया गया। घोषणा से 15 दिन पूर्व सभी अध्याय के अध्यक्ष पद के दावेदार सदस्यों के इंटरव्यू लिए गए, उन्हें जेसीस की जानकारी के साथ नेतृत्व क्षमता की कसौटी पर परखा गया और फिर पूर्व अध्यक्ष और सीनियर्स की सहमति से सभी पद के सदस्यों को निर्वाचित किया गया। यह पूरी प्रक्रिया कोच अमिताभ दुबे, डायरेक्टर चित्रांक चोपड़ा, जेसी अमितेश पाठक के नेतृत्व में हुई।

## निधन

### प्रशांत तिवारी



**रायपुर।** रायपुर निवासी प्रशांत तिवारी का 14 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रायपुर मुक्तिधाम में किया गया। वे रिटायर्ड डीएसपी प्रताप नारायण तिवारी के पुत्र और सुशांत तिवारी, वेदांत तिवारी के बड़े भाई थे।

### कुमारी बाई तिवारी



**रायपुर।** ब्राह्मणपारा निवासी कुमारी बाई तिवारी (94) का 15 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे संतोष शर्मा, जयंत तिवारी, शीला शर्मा, संगीता तिवारी की माता थीं।



### मंजूश्री मैत्रा

**रायपुर।** हर्ष विहार मोवा निवासी मंजूश्री मैत्रा का 15 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे सौमित्र शंकर की माता थीं।


# छत्तीसगढ़ के सभी दिगंबर जैन मंदिरों में आचार्य छत्तीसी विधान आज

## सुबह 7.36 बजे एक साथ करेंगे गुणानुवाद, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में होगा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- आचार्य विद्यासागर महाराज के उपकारों का करेंगे स्मरण

छत्तीसगढ़ के सभी दिगंबर जैन मंदिरों में आचार्य विद्यासागर के 36 गुणों का गुणानुवाद करने 16 अक्टूबर को प्रातः 7 बजकर 36 मिनट पर विशेष आराधना छत्तीसी विधान की जाएगी। इस अद्भुत पल को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने की तैयारी है। सकल दिगंबर जैन समाज छत्तीसगढ़ द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के उपकारों का स्मरण करने 17 अक्टूबर को राजधानी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में गुरु शरणम शरदोत्सव का भव्य आयोजन होगा। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आमंत्रित हैं। इसके साथ उपमुख्यमंत्री द्वय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह, उत्तरप्रदेश से राज्यसभा सांसद नवीन जैन, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल विशेष रूप से शामिल होंगे।



### 30 कलाकार आ रहे हैं राजधानी

सकल दिगंबर जैन समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष नरेश जैन, ब्रम्हचारी सुनील कुमार, मनीष जैन, प्रदीप जैन और अरविंद पहाड़िया ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। ब्रम्हचारी सुनील कुमार ने बताया कि 17 अक्टूबर को आयोजित गुरु शरणम शरदोत्सव के भव्य कार्यक्रम में देश-विदेश से अतिथि शामिल होंगे। जन कल्याणकारी प्रकल्पों की झलकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इसके साथ ही विवेचना रंगमंडल जबलपुर के कलाकारों द्वारा आचार्य श्री के समग्र जीवन पर आधारित महानाट्य आत्मान्वेषी का मंचन किया जाएगा। इसके लिए 30 कलाकार राजधानी आ रहे हैं।

# भारतीय वन खेलकूद स्पर्धा में आज आएंगे क्रिकेटर सूर्यकुमार

## 23 खेल विधाओं की होगी 301 स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट आज

27 वें अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 अक्टूबर तक किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मंगलवार को वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने प्रेसवार्ता में आयोजन की जानकारी दी। प्रतियोगिता में देशभर से वन विभाग के करीब 3000 से अधिक प्रतिभागियों और अतिथियों के शामिल होंगे। प्रतियोगिता में कुल 23 खेल विधाओं की 301 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जो रायपुर के विभिन्न खेल मैदानों, स्पोर्ट्स क्लब और अन्य स्थलों पर होगी। यह आयोजन वन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ ही वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास है।

खेल महोत्सव के उद्घाटन समारोह में आज भारत के टी-20 टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव व समापन समारोह में पेरिस ओलिंपिक 2024 में कांस्य पदक विजेता मनु भाकर की उपस्थिति रहेंगी।



### वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारियों समझेंगे

प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए यह न केवल एक प्रतिस्पर्धात्मक अवसर है, बल्कि यह उनके लिए एक ऐसा मंच भी है। जहाँ वे अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। इस बार के आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों के आने से छत्तीसगढ़ की संस्कृति और मेहमाननवाजी का एक नया आयाम स्थापित होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी केवल खेलकूद में ही नहीं, बल्कि वनों के संरक्षण और वन्य जीवों की सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझेंगे। इस आयोजन की थीम वनों की सुरक्षा - वन्यजीवों का संरक्षण है।

### मुख्यमंत्री से मिले वन विभाग के अधिकारी

मुख्यमंत्री विष्णु देव को राजधानी रायपुर में 16 से 20 अक्टूबर तक आयोजित 27वें अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। श्री साय से निवास कार्यालय में वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में वन विभाग के अधिकारियों ने भेंटकर उन्हें शुभारंभ कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी करना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर अधिकारियों ने उन्हें स्पोर्ट्स किट भी भेंट की। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव, एडिशनल पीसीसीएफ सुनील मिश्रा, एडिशनल पीसीसीएफ अरूण पाण्डेय, एडिशनल पीसीसीएफ संजीता गुप्ता, मुख्य वन संरक्षक शालिनी रैना, सीसीएफ राजू अगासिमनी भी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष ...

### ठेका बदला, समस्या...

कर रहे हैं, जबकि रेलवे प्रशासन ने नए टेंडर के दौरान ही पार्किंग ठेकेदार से यह अधिकार छीन लिया था, ताकि पूर्व की तरह विवाद की स्थिति न बने, लेकिन पैसों का लालच ही ऐसा है कि पार्किंग कर्मचारियों को रेलवे प्रशासन की कार्रवाई का डर ही नहीं है। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला, पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारी ही नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के लिए बाइक से 10 रुपए और 20 रुपए कार चालक से वसूल रहे हैं। इसके अलावा जो गाड़ी खड़ी कर चुके हैं, उनसे भी रेलवे नियम का हवाला देते हुए वसूला जा रहा है। दोपहर 2 से 3 बजे तक एक कर्मचारी ने आरक्षण भवन में खड़ी होने वाली दर्जन से अधिक गाड़ियों की पर्ची काट दी। इसके अलावा जहां- जहां रेलवे ने नो पार्किंग का बोर्ड लगाया है, उन जगहों पर जाकर भी पैसों की वसूली की गई। **कार्रवाई का अधिकार आरपीएफ के पास :** पूर्व में पार्किंग ठेका के दौरान रेलवे प्रशासन ने ठेकेदार को नो पार्किंग में कार्रवाई का अधिकार दे दिया था, जिसका विरोध इस कदर हुआ कि रेलवे प्रशासन को 6 महीने के भीतर ही नया ठेका करना पड़ा था। इस दौरान रेलवे ने नो पार्किंग में कार्रवाई का अधिकार आरपीएफ को बताया, लेकिन वर्तमान में पार्किंग कर्मचारी रेलवे का नियम बताकर दिन और रात के समय में अवैध वसूली कर रहे हैं। अधिकारियों को इसकी भनक भी नहीं है।

### मोबाइल शॉप छोड़कर...

पुलिस के अनुसार जिन कारोबारियों ने झारखंड में बड़े सरकारी ठेका लिए हैं, उन लोगों से अमन साहू का गैंग दो प्रतिशत प्रोटेक्शन मनी के रूप में लेता है। लेवी की राशि नहीं देने पर बदमाश अपने गुर्गों की मदद से कारोबारी को धमकाने हर तरह के हथकंडे अपनाते हैं। इसके लिए अपने शूटर भेजकर फायरिंग कराने से लेकर इंटरनेशनल नंबर से कॉल कर प्रोटेक्शन मनी की मांग करते हैं। **दो वर्ष पूर्व आरकेटीसी ग्रुप में फायरिंग :** कोरबा के लॉजिस्टिक कंपनी आरकेटीसी ग्रुप में अमन साहू के गुर्गों ने पहली शूट आउट की घटना को अंजाम दिया था। अमन से पूछताछ में पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमन ने कंपनी प्रबंधन को पहले कॉल कर रेंडसम मनी की मांग की। कंपनी प्रबंधन ने कॉल को हल्के में लिया। इसके बाद अक्टूबर 2022 में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। साथ ही एक धमकी भरा पर्चा फेंक बदमाश चोरी की बाइक से फरार हो गए। इसके बाद बदमाशों ने कंपनी के रायपुर शंकर नगर स्थित ऑफिस के बाहर वर्ष 2023 में शूट आउट की घटना को अंजाम दिया था।

### एनआई भी दबिश...

को अमन पैसों का लालच देकर अपने गैंग में शामिल करता है। पुलिस के अनुसार हर अपराध में वह नए बदमाशों को शामिल करता है, जिससे वह पुलिस को चकमा दे सके।

### पासपोर्ट अफसर को...

कार्यालय पहुंचा। मौके पर उपस्थित स्टाफ को प्रभात ने अपने आपको महाराष्ट्र, नागपुर का एसीबी अफसर होने का परिचय दिया। साथ ही प्रभात ने मौके पर उपस्थित स्टाफ को अपना आईडी कार्ड दिखाया।

### कर्ज लेकर दिए...

इसके बाद जालसाज ने अभिजीत को मामला रफा दफा करने दस लाख रुपए की मांग की। अभिजीत ने अपने परिचितों से पांच लाख रुपए कर्ज लेकर जालसाज के सुपुर्द किया। जालसाज के जाने के बाद पासपोर्ट ऑफिस के अफसरों ने पतासाजी की, तो एसीबी का अफसर फर्जी निकला। ठगी के शिकार अभिजीत ने जालसाज के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### उच्च शिक्षा विभाग जारी...

करते रह गए और आचार संहिता लागू हो गई। विधानसभा उपचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा हो गई है। जो क्षेत्र विधानसभा उपचुनाव से प्रभावित रहेगा, वहां मनोनयन चुनाव के बाद ही हो सकेगा। राजधानी में दक्षिण सीट के लिए मतदान होने हैं। राजधानी के कई बड़े और प्रतिष्ठित महाविद्यालय इस क्षेत्र में आते हैं। इस स्थिति में यहां आधा सत्र बीत जाने के बाद भी छात्रसंघ का गठन नहीं हो पाएगा।

### छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश...

के असर से सीमावर्ती इलाकों में ठंड महसूस होने लगेगी। अभी पिछले दो-तीन दिनों से प्रदेश के मौसम में बदलाव नहीं हुआ है और दिन-रात का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। उमस भरी गर्मी से रात से आधी रात के बाद ही राहत मिल रही है। वर्तमान में प्रदेश में सबसे अधिक तापमान बस्तर में दर्ज किया जा रहा है। मंगलवार को सबसे अधिक पारा दंतेवाड़ा का 35 डिग्री सेल्सियस था। रायपुर का पारा 34.6 डिग्री तक पहुंचा।

### त्योहारी सीजन में...

है। उत्पादक राज्यों में कर्नाटक और तमिलनाडु में थोक में कीमत 30 से 32 रुपए है। छत्तीसगढ़ में इन राज्यों से नारियल न आने के कारण कुछ राहत है। यहां पर आंध्र प्रदेश से नारियल आता है। वैसे छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में भी नारियल का भारी मात्रा में उत्पादन होता है। नारियल की खपत त्योहारी सीजन में सामान्य समय से कई गुना ज्यादा हो जाती है।

कोराबारियों के मुताबिक आमतौर पर बारह महीनों की तुलना में गणेशोत्सव के दौरान नारियल की बिक्री में दस गुना वृद्धि होती है। वहीं नवरात्रि से लेकर दीपावली तक नारियल की बिक्री 5 गुना तक बढ़ जाती है। नारियल की नई फसल नवंबर-दिसंबर माह में आती है। ऐसे में त्योहारी सीजन में कीमत में कुछ इजाफा होता है, लेकिन इस बार कीमत कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। इसके पीछे का कारण यह है कि उत्पादक राज्यों कर्नाटक, तमिलनाडु में फसल खराब हो हुई है। आंध्र प्रदेश में फसल ज्यादा खराब न होने के कारण यहां से जिन राज्यों में नारियल जाता है, वहां पर ज्यादा असर नहीं हुआ है।

### बीते साल से...

कीमत में कुछ कमी आई है। इस समय डूमरतराई में थोक में नारियल 20 रुपए बिक रहा है। रायपुर शहर में थोक कारोबारी इसको 22 से 25 रुपए में बेच रहे हैं। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो यह चिल्हर में किराना दुकान और पूजा सामान बेचने वालों के पास अलग-अलग कीमत में मिल रहा है। इसकी कीमत चिल्हर में 25 से 30 रुपए है।

# शुक्रवारी से स्टेशन तक 27 करोड़ की फोरलेन सड़क बनेगी

- मूणत ने सीएम व उप मुख्यमंत्री का जताया आभार

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम को फिर चमकाने में जुटे पूर्व मंत्री तथा दिग्गज भाजपा नेता राजेश मूणत के प्रयासों पर सीएम विष्णुदेव साय ने मुहर लगाते हुए गुढ़ियारी को एक और फोरलेन सड़क प्रदान कर दी है। यह सड़क शुक्रवारी से शुरू होकर प्लेटफार्म-5 स्थित रेलवे फाटक को जोड़ेगी तथा पूरी तरह फोरलेन होगी। अभी यह सड़क कई जगह बेहद संकरी है। लगभग पौन किमी की इस सड़क के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने 26.52 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। सड़क निर्माण की मंजूरी और फंड मंजूर करने के लिए पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने सीएम विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि रायपुर पश्चिम क्षेत्र में सड़कों का इंफ्रास्ट्रक्चर और बढ़ाने के लिए बड़ी कोशिशें की जाएंगी।

### मूणत ने भेजा था प्रस्ताव

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने गुढ़ियारी समेत समूचे रायपुर पश्चिम की फ्री तथा क्लीयर एंट्री के लिए इस सड़क का प्रस्ताव तैयार कराया था। यह सड़क केवल स्टेशन ही नहीं, बल्कि गुढ़ियारी को स्टेशन इलाके से जोड़नेवाली महत्वपूर्ण सड़क भी है। यह कई जगह संकरी है, इसलिए ट्रैफिक में दिक्कतें होती हैं। विशेषज्ञों तथा शुक्रवारी इलाके के लोगों से लंबे विचार-विमर्श के बाद मूणत ने प्रस्ताव में सभी सुझावों को शामिल किया था। उन्होंने इस बारे में सीएम विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव से आग्रह किया था और उन्हें जानकारी दी थी कि किस तरह यह सड़क पूरे गुढ़ियारी तथा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश इलाके के लिए रायपुर रेलवे स्टेशन की बेहद महत्वपूर्ण एंट्री हो सकती है।




## बिजनेस साइट

# एसआरयू में राज्य स्तरीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विशेष शिक्षा विभाग ने आस्था मंच सभागार में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) के लिए पाठ्यक्रम विकास के दृष्टिकोण से एक ऑनलाइन राज्य स्तरीय सतत पुनर्वास शिक्षा (सीआरई) कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय पुनर्वास परिषद दिल्ली द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुनर्वास पेशेवरों के ज्ञान को अद्यतन करना और उनके कौशल को ताजा करना था। तकनीकी सत्र में विशेषज्ञ वक्ताओं ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। प्रो. प्रेमशंकर राम (बीएचयू) ने पाठ्यक्रम के दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा किए, जबकि सहायक प्रोफेसर विद्या भारती ने पाठ्यक्रम का संपूर्ण विवरण समझाया। पूर्णिमा साहू ने पाठ्यक्रम विकास के प्रकारों पर प्रकाश डाला।

# बीआईएस ने आयोजित किया मानक महोत्सव कार्यक्रम



**रायपुर।** हर साल 14 अक्टूबर को विश्व मानक दिवस के अवसर पर मानकों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो ने 'बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टिकोण' की थीम पर विभिन्न जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष 14 अक्टूबर को रायपुर में 'मानक महोत्सव' का आयोजन किया गया, जिसमें 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बीआईएस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मानकों के अनुपालन से राज्य में औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलेगा और भारतीय उत्पादों की अंतर्राष्ट्रीय मांग बढ़ेगी। कार्यक्रम में बीआईएस के निदेशक सुमित कुमार ने मानक क्लबों की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। तकनीकी सत्र में डॉ. संतोष कुमार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के औद्योगिक विकास के महत्व पर चर्चा की। इस महोत्सव का उद्देश्य गुणवत्ता चेतना को बढ़ावा देना और मानकों के प्रति जागरूकता फैलाना था।

# सूत्रा का करवाचौथ-दिवाली स्पेशल एग्जीबिशन कल से

**रायपुर।** सूत्रा द्वारा 17 से 19 अक्टूबर तक होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में करवाचौथ और दिवाली स्पेशल एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन फैशन प्रेमियों के लिए एक आदर्श स्थल होगा, जहां दिवाली के लिए बेहतरीन कलेक्शन का आनंद लिया जा सकेगा। सूत्रा को ट्रेंडिंग फैशन और लेटेस्ट डिजाइनर कलेक्शन के लिए जाना जाता है। इस बार भी एक विशेष प्रदर्शनी प्रस्तुत की जा रही है। यहां पर आउटफिट्स, ज्वेलरी, फुटवियर, क्लचेस और अन्य एसेसरीज की एक विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। इसमें भारतीय और वेस्टर्न पहनावे के बेहतरीन कलेक्शन को शामिल किया गया है, जो महिलाओं को करवाचौथ और दिवाली के लिए तैयार करने में मदद करेगा।

## खबर संक्षेप



### डीन, सुपरिंटेंडेंट से मिले सामाजिक प्रतिनिधि

**रायपुर**। आंबेडकर अस्पताल में व्याप्त कमियों को लेकर सामाजिक मुखिया ने पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन विवेक चौधरी तथा हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर से मुलाकात की और नवीन पदस्थापना को लेकर बधाई देकर स्वागत किया। सामाजिक प्रतिनिधियों ने अस्पताल में व्याप्त कमियों की विस्तार से जानकारी दी और इन्हें दूर करने का आग्रह किया। दोनों जिम्मेदार अधिकारियों ने सभी विभाग के समीक्षा कर अतिशीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुरेश नेताम, चोवाराम देवांगन, शारदा प्रसाद सोनकर, गणेश बघेल, लालजी टंडन, सोमनाथ साहू, सुखराम साहू, वरुण निर्मलकर, गोपाल वर्मा, महेंद्र वर्मा, चंद्रेश देवांगन सहित अनेक प्रतिनिधि ने क्रमशः कर्मचारी और अस्पताल संचालन में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### रमेश पंवार क्षत्रिय समाज के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष

**रायपुर**। डॉ. रमेश राहंगडाले पंवार क्षत्रिय समाज संगठन के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। समाज की त्रिवार्षिक



(2024-27) नई कार्यकारिणी के लिए 10 अक्टूबर को नाम वापसी की प्रक्रिया समाप्त की गई। इसके बाद मतदान अधिकारी ने डॉ. रमेश राहंगडाले को अध्यक्ष, देवलाल पारधी उपाध्यक्ष, प्रमोद पटले सचिव, उदय बिसेन कोषाध्यक्ष, सुरेश पटले संयुक्त सचिव और शिवलाल राहंगडाले, गोपीचंद राहंगडाले को सदस्य निर्वाचित घोषित किया।

### 2 साल के बाद छत्तीसगढ़ में वेब सीरीज की शूटिंग शुरू

**रायपुर**। मायानगरी के फिल्म निर्देशकों को एक बार फिर से छत्तीसगढ़ का पर्यटन फिल्मों की शूटिंग के लिए लुभाने लगा है। लगभग 2 साल के बाद छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में फिल्मों की शूटिंग शुरू हुई है। पंचायत व कोटा फैक्टरी व गुल्लक जैसी फिल्मों के डायरेक्टर दीपक मिश्रा अपनी नई फिल्म ग्राम चिकित्सालय की वेब सीरीज की शूटिंग राजनांदगांव के गोटिया जिला में शुरू कर चुके हैं। इस फिल्म में भी पंचायत फिल्म की तरह ही गांव में चिकित्सालय और डॉक्टर के जीवन को दिखाया गया है। जानकारी मुताबिक फिल्म की ज्यादातर शूटिंग छत्तीसगढ़ में की जा रही है। संस्कृति विभाग के मुताबिक इस वेब सीरीज में भी पंचायत फिल्म के चर्चित कलाकार जितेंद्र कुमार के साथ अन्य कलाकारों के भी फिल्म में शामिल होने की खबर है।

### शरदोत्सव पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रस्तुति आज

रायपुर। महेश सभा रायपुर द्वारा 16 अक्टूबर को शरद उत्सव के अवसर पर रास गरबा कार्यक्रम का आयोजित किया गया है, उक्त जानकारी देते हुए रमेश झंवर एवं राकेश सोमानी ने बताया कि गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में शाम 6 बजे से नवरास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें महिला संगठन के माध्यम से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रस्तुति मंच पर दी जाएगी। श्री झंवर ने बताया कि उक्त आयोजन का 25वां वर्ष है, जिसे रजत जयंती के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में महेश सभा रायपुर के सभी सदस्य सपरिवार शामिल होंगे।

# प्रतिबंध की मियाद खत्म, आज से खुलेंगे बंद रेत घाट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेत घाटों पर लगे एनजीटी के प्रतिबंध की मियाद 15 अक्टूबर को खत्म हो गई। इसी के साथ अब 16 अक्टूबर से राज्य स्तरीय पर्यावरण विभाग से एनओसी प्राप्त खदानों में रेत के उत्खनन का काम भी शुरू हो जाएगा।

उत्खनन का काम शुरू होते ही रेत के कारोबार में तेजी आएगी, जिससे माफिया और कारोबारियों द्वारा की जा रही मुनाफाखोरी भी खत्म हो जाएगी। 15 जून के बाद से रायपुर जिले में रेत की कीमत आसमान पर पहुंच चुकी है। 12 से 15 रुपए फीट की रेत सीधे 24 से 30 रुपए फीट में बिकने लगी है। यह कीमत मंगलवार को भी रही। हालांकि बुधवार से खदानों में उत्खनन का काम शुरू हो रहा है। संभावना जताई जा रही है कि इसके बाद रेत की कीमत में भी गिरावट आनी शुरू हो जाएगी, जिससे आम लोगों को भी रेत की बढ़ी कीमत से राहत मिलेगी।

### जिले में अब तक 9 घाटों को एनओसी

जिले में 13 रेत घाटों को 5 साल के लिए ठेका दिया गया है। यह ठेका फरवरी-मार्च 2022 में दिया गया है। इनमें से 9 घाटों को राज्य पर्यावरण विभाग से एनओसी मिल गई है, लेकिन शेष 4 घाटों को एनओसी अब तक नहीं मिल पाई है।



### 4 महीने तक बंद रही खदानें

एनजीटी द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के कारण 15 जून से 15 अक्टूबर तक खदानों में रेत उत्खनन का काम भी बंद रहा। इसके कारण बाजार में रेत की आपूर्ति भी कम हो रही थी। जो भी सप्लाई की जा रही थी, वह बारिश के पूर्व ठेकेदारों द्वारा भंडारण की गई रेत का किया जा रहा था। यही कारण है कि कारोबारियों ने रेत की कीमत भी मनमाने रूप से बढ़ा दी हैं।

### घाटों के खुलने से कीमत में आएगी गिरावट

घाटों के खुलने से रेत की कीमत में भी गिरावट आने की संभावना है। ट्रेडर्स संचालकों के अनुसार घाटों में रेत उत्खनन का काम शुरू होने से रेत की सप्लाई भी बढ़ेगी, जिससे इसकी कीमत में गिरावट आएगी। हालांकि संचालकों का यह भी कहना है कि इस बार बारिश अच्छी हुई है, जिससे कई घाटों में पानी भरा हुआ है। ऐसे घाटों पर उत्खनन करना आसान नहीं होगा, क्योंकि जब तक पानी का लेवल कम नहीं होगा, तब तक रेत का उत्खनन नहीं होगा। इसीलिए चालू माह में रेत की कीमत में गिरावट तो आएगी, लेकिन यह मामूली होगी।

### आज से खुलेंगे घाट

*प्रतिबंध की मियाद खत्म हो गई है। एनओसी प्राप्त घाटों पर आज से उत्खनन का काम शुरू हो जाएगा। एनओसी लिए बिना घाटों पर उत्खनन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

**- केके गोलघाटे**
उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

## 17 अक्टूबर से शुरू होगा साक्षात्कार

# मेगा जॉब फेयर में टूट पड़े बेरोजगार 4 घंटे में 4 हजार से ज्यादा आवेदन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए मंगलवार को राजधानी रायपुर के छत्तीसगढ़ कॉलेज में आयोजित किए गए मेगा जॉब फेयर में 3 हजार से ज्यादा बेरोजगार युवाओं ने विभिन्न पदों पर नौकरी पाने के लिए ऑफलाइन आवेदन किया है। ऑफलाइन के अलावा एक हजार से ज्यादा बेरोजगारों ने ऑनलाइन भी आवेदन किया है। इस तरह 4 घंटे के दौरान 4 हजार से ज्यादा बेरोजगारों ने जॉब फेयर के माध्यम से आवेदन किए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन युवाओं ने आवेदन किया है, उनका साक्षात्कार 17 अक्टूबर से शुरू होगा, जो 23 अक्टूबर को खत्म होगा।



### ऑनलाइन में दिल्ली से भी आवेदन

अधिकारियों ने बताया कि जॉब फेयर ऑफलाइन के अलावा ऑनलाइन भी आवेदन किए जा सकते थे। ऑनलाइन में एक हजार से अधिक आवेदन किए गए हैं। इनमें छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्य के बेरोजगार युवाओं ने भी आवेदन किया है। एक आवेदन दिल्ली से किया गया है।

### अलग-अलग तारीख को साक्षात्कार

आवेदन करने वाले बेरोजगारों को आवेदन लेने के बाद सभी को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। यह साक्षात्कार लाइवलीवुड कॉलेज जोरा रायपुर में होगा। साक्षात्कार सेक्टर के अनुसार होंगे। इसके लिए 17 अक्टूबर को हेल्थ सेक्टर, 18 व 21 अक्टूबर को बैंकिंग, फायनेंस एवं मार्केटिंग सेक्टर, 23 अक्टूबर को कंज्यूमर मार्ट, शिक्षा, होटल एवं रेस्टोरेंट सेक्टर तथा 25 अक्टूबर को उद्योग सेक्टर के लिए साक्षात्कार होगा।

### 3003 ऑफलाइन आवेदन

मेगा जॉब फेयर में विभिन्न पदों के लिए 3 हजार 3 बेरोजगारों ने ऑफलाइन अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें रायपुर के अलावा प्रदेश के कई जिलों से बेरोजगार युवा पहुंचे थे। इसके अलावा ऑनलाइन एक हजार से अधिक आवेदन किए गए हैं। इनमें दिल्ली से भी आवेदन किया गया है।

**- एओ लॉरी,**
उप संचालक
रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र रायपुर

### रायपुर सहित कई जिलों के बेरोजगार पहुंचे थे कैंप में

जिला प्रशासन द्वारा मेगा जॉब फेयर में रायपुर के साथ प्रदेश के कई जिलों से बेरोजगार युवा पहुंचे थे। कैंप सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया गया था। इसे देखते हुए दूसरे जिलों से आए सैकड़ों की संख्या में बेरोजगार सुबह 9 बजे से ही यहां पहुंचने लगे थे। इस दौरान रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र से आए संदीप, संजय एवं संगीता ने बताया कि रजिस्ट्रेशन कराने के साथ जॉब के लिए आवेदन फार्म भरकर जमा करा दिए हैं। उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर ऑपरेटर, बैंक ऑफिस वर्क के लिए आवेदन किया है। इनमें संगीता और संजय ने बताया कि वे पहली बार प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर में रोजगार के लिए आवेदन करने पहुंचे हैं।

### 10वीं पास से लेकर डिप्लोमाधारी बेरोजगारों ने किया आवेदन

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मेगा जॉब फेयर 5 हजार से अधिक पदों के लिए आयोजित किया गया है। इस कैंप में 10वीं पास से लेकर डिप्लोमाधारी बेरोजगार युवा भी पहुंचे थे। इन बेरोजगारों में सबसे ज्यादा बैंकिंग, हेल्थ, इंडस्ट्रीज, शिक्षण, रेस्टोरेंट-होटल सेक्टर में जॉब के लिए आवेदन किए गए हैं।

## धरना प्रदर्शन

# तूता धरनास्थल के पास डाटा एंट्री आपरेटर आज करेंगे जल सत्याग्रह

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- 2 सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर का बेमियादी धरना

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर 2 सूत्रीय मांग को लेकर धरना दे रहे डाटा एंट्री आपरेटर 16 अक्टूबर को नवा रायपुर के तूता धरना स्थल के पास ज ल सत्याग्रह कर शासन का ध्यान आकर्षित कराएंगे। वेतन वृद्धि और विभाग तय करने की मांग कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि 17 साल से काम करने के बाद भी उनका विभाग तय नहीं हुआ है। इससे प्रभावित कर्मचारियों में आक्रोश




व्याप्त है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने कहा है कि प्रदेशभर के डाटा एंट्री आपरेटर धरना स्थल के समीप तालाब में जल सत्याग्रह कर विरोध जताएंगे। 7 माह से वेतन की बाट जोह रहे प्रदेशभर के 2739 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटरों ने लंबित वेतन का जल्द भुगतान करने 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ देने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे आपरेटरों ने मंगलवार को भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। अब डाटा एंट्री आपरेटर जल सत्याग्रह करने की तैयारी में हैं।

### नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी करेंगे 11 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेश भर के नगरीय निकाय प्लसेमेंट कर्मचारी 3 सूत्रीय मांग को लेकर 11 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। अपनी मांगों को लेकर लामबंद प्रदेश भर के 20 हजार नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी ठेका प्रथा बंद कर निकायों में समायोजन कर एक निश्चित अवधि में नियमित करने, संबंधित निकायों द्वारा प्लेसमेंट कर्मचारियों के बैंक खाते में वेतन भुगतान की मांग कर रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रदेश के 184 नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी मांगों की अनदेखी से नाराज होकर बेमियादी हड़ताल पर जाने की तैयारी की है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे ने कहा है राज्य शासन से हमने लगातार मांग की है कि नगरीय निकायों में प्लेसमेंट ठेका प्रथा को तत्काल बंद किया जाए और प्रदेश के 20 हजार नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों में 5 से 10 साल सेवा उपरांत समायोजन किया जाए। दूसरी मांग ये है कि शासन द्वारा 13 मार्च 2024 को गठित बारिक समिति में महासंघ के पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए।

# नगरीय निकाय चुनाव : आज होगा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

**नाम जोड़ने और सुधार करने कर सकते हैं दावा आपत्ति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में स्थानीय नगरीय निकाय के निर्वाचन के लिए 16 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने राज्य के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोग द्वारा मतदाता सूची तैयार किए जाने के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्यवाही सुनिश्चित करें। राज्य के 167 नगरीय निकायों में निर्वाचन होना है। आयोग द्वारा सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची शुद्ध एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा 1 जनवरी की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं, इस संदर्भ में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में बुधवार को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। यह सूची नगरीय निकायों के चुनाव के लिए बनाई जा रही है, जिसमें सभी पात्र मतदाताओं के नाम शामिल होंगे। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद सुधार का




अवसर प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद, मतदाता अपने नाम की जांच कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में नहीं है या उसमें किसी प्रकार की त्रुटि है, तो वे इसकी शिकायत कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए एक विशेष प्रक्रिया निर्धारित की है, जिसके तहत मतदाता सुधार, नाम जुड़वाने या हटाने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### दावा आपत्ति 8 नवंबर तक निराकरण

आयोग द्वारा पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करना एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराना बुधवार 16 अक्टूबर तक दावा/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 23 अक्टूबर तक, इसके निपटारे की अंतिम तारीख मंगलवार 29 अक्टूबर तक, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने अंतिम तिथि सोमवार 4 नवम्बर तक तथा प्राप्त दावा का निराक़रण करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 8 नवम्बर तक निर्धारित की गई है।

### 22 नवंबर को अंतिम प्रकाशन

इसी तरह दावे/आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर तथा परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करना बुधवार 13 नवम्बर तक, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपना शनिवार 16 नवम्बर तक, अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्र करना मंगलवार 19 नवम्बर तक निर्धारित किया गया है तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन शुक्रवार 22 नवम्बर को किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री साय ने दीं शरद पूर्णिमा की शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को शरद पूर्णिमा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना की है।

## प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद

**रायपुर**। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार आम जनता से होर्डिंग पोस्टर पर खोखले वादे परोसकर जनता से छलावा कर रही है। साय सरकार ने छत्तीसगढ़ में भय का माहौल बना दिया है। प्रदेश के युवाओं में बेरोजगारी बढ़ गई है। जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है, लोग असुरक्षित हैं। प्रदेश में रेत माफिया, भूमाफिया, रंगदारी, वसूली सहित अन्य अवैध कारोबार फल-फूल रहे हैं। विधायक पुत्र दादागिरी दिखाकर राज्य के आदिवासियों को डरा-धमकाकर मारपीट कर रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल मेकाहारा में ही 300 से ज्यादा मशीनें बंद हैं, सिटी स्कैन,



एमआरआई, वेंटीलेटर भी खराब हो चुके हैं। मेकाहारा के आईसीयू में अनेक मशीनें बंद पड़ी हैं। जांच, इलाज और दवा के अभाव में लोग मौत से जूझ रहे हैं। आयुष्मान योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने का काम कई जिलों में पूरी तरह से बंद हो गया है, नया कार्ड बनवाने के लिए लोग भटक रहे हैं। सूरजपुर में वीभत्स घटना हुई, जहां एक जिलाबदर व्यक्ति ने पुलिसकर्मी हवलदार के घर में घुसकर उनकी पत्नी और 12-13 साल की बच्ची की निर्ममता से हत्या कर दी। अपराधियों में कानून का डर खत्म हो गया है। ठेकेदार परेशान हैं, हर ठेके में अधिकारी 45% कमीशन मांग रहे हैं तो काम में गुणवत्ता कैसे आएगी।

# चार दिवसीय छठ महापर्व 5 से, नहाय खाय के साथ प्रारंभ होगी छठ पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट रायपुर द्वारा 4 दिवसीय छठ महापर्व का आयोजन राजधानी के खारुन नदी के महादेवघाट तट पर किया जा रहा है। इस मौके पर विधि-विधान से छठी माई की पूजा अर्चना की जाएगी। माई की महिमा का गुनगान करने मुंबई, लखनऊ सहित छत्तीसगढ़ लोकप्रिय कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छठ पूजा का महापर्व इस बार 5 नवंबर से शुरू होगा। छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, बस्तर सहित अन्य शहरों में भगवान सूर्य देव की उपासना का पारंपरिक पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का संदेश देने वाले छठ महापर्व हमें समरसता का संदेश देता है। इस पर्व में 7 नवंबर को डूबते हुए सूर्य देवता को पहला अर्ध्य दिया जाएगा। 8 तारीख को उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा। रायपुर में छठ पूजा 50 से अधिक स्थानों पर उत्साह व श्रद्धापूर्वक छठ पूजा की जाएगी। इसमें खारुन नदी के महादेवघाट, व्यास तालाब सहित अन्य तालाबों के किनारे छठ पूजा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 7 नवंबर को कार्यक्रम



स्थल पर मुंबई की अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका कल्पना पटवारी और गायत्री यादव छठी मइया की महिमा का गुनगान सुरीले गीतों के माध्यम से प्रस्तुत करने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगे।

### सवा लाख दीपों से खारुन की महाआरती

7 नवंबर को रंजीतानंदन मिश्र के नेतृत्व में खारुन महाआरती का भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें सवा लाख दीपों की जगमग के साथ खारुन महाआरती की जाएगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाआरती में शामिल होंगे। नवा रायपुर के अटल नगर में झांझ तालाब के किनारे भी भव्यता के साथ छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा। छठ महापर्व आयोजन समिति जिला प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से छठ महापर्व से पूर्व राजधानी के खारुन नदी के महादेवघाट सहित अन्य घाटों की सफाई करेगी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज



पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411